रोहतक
शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 89
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम
अधि. 40.3
न्यून. 19.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 डायनासोर की तरह पूरी तरह से विलुप्त हो जाएगी कांग्रेस




16 करोड़ मतदाता 1.67 लाख केंद्रों पर डालेंगे वोट

चुनाव आयोग की मतदाताओं से अपील, बढ़ चढ़कर वोट दें

# आज जनता की बारी, दूसरे चरण में 13 राज्यों में वोटिंग, बढ़ते सियासी पारे के बीच राहुल समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

2019 में भाजपा ने 50 और सहयोगियों ने 8 सीटें जीती

कांग्रेस ने 21 सीटें जीती, जबकि अन्य दलों ने 9 सीटें

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इस चरण में केरल की वायनाड लोकसभा सीट भी शामिल है, जहां से कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार दूसरी बार चुनावी मैदान में हैं। बता दें कि पहले फेज में 89 सीटों पर वोटिंग होनी थी, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। इस चरण में 1202 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें 1,097 पुरुष और 103 महिला उम्मीदवार हैं। एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर है। एडीआर के अनुसार इनमें से 21% यानी 250 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। ईसी ने कहा कि 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 16 लाख मतदान अधिकारी तैनात किए हैं।

**इन राज्यों में मतदान**

| राज्य | सीट |
|---|---|
| केरल | 20 |
| कर्नाटक | 14 |
| राजस्थान | 13 |
| महाराष्ट्र | 08 |
| उत्तर प्रदेश | 08 |
| मध्य प्रदेश | 07 |
| असम | 05 |
| बिहार | 05 |
| छत्तीसगढ़ | 03 |
| पश्चिम बंगाल | 03 |
| मणिपुर | 01 |
| त्रिपुरा | 01 |
| जम्मू-कश्मीर | 01 |



**88 सीट और 1202 प्रत्याशी**

- सुरक्षा के इंतजाम पूरे, पोलिंग पार्टियां केंद्रों पर पहुंची
- सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जाएंगे वोट
- इस चरण में वायनाड से राहुल लगातार दूसरी बार चुनावी मैदान में

## इनके सियासी भाग्य का आज होगा फैसला

**ये केंद्रीय मंत्री**

- एंटीगल सीट से केंद्रीय संसदीय राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन
- तिरुवंतपुरम सीट से केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर
- राजस्थान की जोधपुर सीट से केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत
- बाडमेर से कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी
- टीकमगढ़ से वीरेंद्र सिंह खटीक
- बेंगलुरु नॉर्थ से केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे भी चुनावी जंग में

**दो पूर्व सीएम**

- छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल दे रहे चुनौती।
- कर्नाटक की मॉंडया सीट पर पूर्व सीएम एचडी कुमार स्वामी मैदान में।

**ये दिग्गज भी मैदान में :** कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी वायनाड से, पूर्व मंत्री शशि थरूर तिरुवंतपुरम सीट से चुनावी जंग में चुनौती दे रहे। अभिनय से राजनीति में आए अरुण गोविल मेरठ से, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के भाई डीके सुरेश (कांग्रेस), भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी लगातार तीसरी जीत की उम्मीद लगाए हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### संदेशखाली केस में सीबीआई ने दर्ज की पहली एफआईआर

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) से केस में पहली एफआईआर दर्ज की है। इसमें 5 मुख्य आरोपितों के नाम शामिल हैं। हालांकि ये आरोपित कौन हैं, ये सामने नहीं आया है, लेकिन कहा जा रहा है कि ये प्रभावशाली लोग हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। अपने आदेश में कहा कि सीबीआई कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी।

### दिल्ली महापौर का चुनाव एलजी ने रद किया!

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल कार्यालय ने 26 अप्रैल को निर्धारित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर के चुनाव को 'निरस्त' कर दिया है। आप के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने दावा किया कि, 'चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बावजूद भाजपा ने यह चुनाव रद करवा दिया। भाषा

### हेमंत की पत्नी कल्पना विधानसभा चुनाव लड़ेंगी

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गांडेय सीट पर होने वाले विस उपचुनाव के लिए कल्पना को उम्मीदवार घोषित किया है। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से समीर मोहंती को कैंडिडेट बनाया गया है। एजेंसी



### हरियाणा और पंजाब में 3.2 तीव्रता के झटके

**सिरसा।** हरियाणा और पंजाब में गुरुवार शाम को करीब सवा छह बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.2 दर्ज की गई। जमीन से 10 किमी नीचे हुई हलचल के कारण धरती में कंपन महसूस हुई। इसके बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि सिरसा के मंडी डबवाली के पास भूकंप का केंद्र रहा। भूकंप के झटके सिरसा, पंजाब व राजस्थान में महसूस किए गए।

## शराब नीति केस

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर किया हलफनामा

# केजरीवाल की गिरफ्तारी सही घोटाले में उनकी बड़ी भूमिका

- एजेंसी ने कहा, 9 समन भेजे, केजरीवाल जवाब देने नहीं आए
- हमारे पास मौजूद सबूत यह साबित करने में पर्याप्त कि वे दोषी हैं
- दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी भी जांच का एक हिस्सा
- 'आप' आबकारी घोटाले में आय की मुख्य लाभार्थी
- पार्टी ने घोटाले से मिले 45 करोड़ रुपये गोवा चुनाव में खर्च किए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को हलफनामा दायर कर सुप्रीम कोर्ट से कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित उत्पन्न 'अपराध की आय' की प्रमुख लाभार्थी है। उसने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है। इस मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी सही है। इस घोटाले में उनकी बड़ी भूमिका है। ईडी ने कहा कि हमारे पास मौजूद सबूत यह साबित करने में पर्याप्त हैं कि वे इस मामले में शामिल हैं। ईडी ने दावा किया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि अपराध की आय का एक हिस्सा-लगभग 45 करोड़ रुपये नकद का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव अभियान में किया गया था। उच्चतम न्यायालय में दायर ईडी के हलफनामे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है।

### केजरीवाल ने नहीं किया सहयोग

ईडी में दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में ईडी ने कहा कि कई बार समन भेजे जाने के बावजूद उन्होंने एजेंसी के साथ सहयोग नहीं किया। नौ बार समन मिलने के बावजूद केजरीवाल पूछताछ से बच रहे थे। उनके इसी रवैए से जांच अधिकारी को गिरफ्तारी की वजह मिली है। जांच अधिकारी के पास मौजूद चीजों ने भी यह साबित करने में मदद की है कि वे दोषी हैं।



**दुर्भावना से गिरफ्तार नहीं किया**

ईडी ने यह भी कहा कि केजरी को किसी दुर्भावना या दूसरे कारणों से गिरफ्तार नहीं किया गया है। किसी अपराध की जांच एक ऐसा क्षेत्र है जो जांच एजेंसी के लिए रिजर्व है। उनकी गिरफ्तारी भी जांच का हिस्सा है। केजरीवाल फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### हलफनामे में ईडी की दलीलें

- तलाशी की तारीख पर जब उनसे पूछताछ के दौरान धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 17 के तहत उनका बयान दर्ज किया जा रहा था, तब वे सवालों के जवाब देने से बच रहे थे। यहां तक कि साधारण या क्राइम से इतर सवालों में भी पूरी तरह से असहयोगी थे।
- केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका आधारहीन है और खारिज की जानी चाहिए, क्योंकि उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जांच अधिकारी के पास जो वजहें थीं, उन वजहों को कई अदालतें देख चुकी हैं।
- तीन अलग-अलग स्तरों पर तीन न्यायिक अधिकारियों (अदालतों) ने इन्हें देखा और पढ़ा है, जिस पर न्यायिक मुहर लग चुकी है। नतीजतन केजरीवाल की तरफ से मांगी गई राहत देने से इनकार कर दिया गया है।
- केजरीवाल ने जांच पूरी होने के बाद जमानत पर रिहा होने की मांग वाली याचिका नहीं लगाई है, बल्कि यह जांच के दौरान गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका की अस्वीकृति के खिलाफ है, जबकि अभियोजन पक्ष की शिकायत अभी तक दर्ज नहीं हुई है।

# व्हाट्सएप से मिलेगी दाखिल व सूचीबद्ध मुकदमों की जानकारी

भाषा ▸▸ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट का डिजिटलीकरण की ओर एक और अहम कदम

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने व्हाट्सएप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, 'यह एक क्रांतिकारी कदम है।' सीजेआई ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 8767687676 साझा किया। उन्होंने कहा कि 'यह हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा।

### पति का पत्नी के स्त्रीधन पर अधिकार नहीं: न्यायालय

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि एक पति का अपनी पत्नी के 'स्त्रीधन' पर कोई नियंत्रण नहीं होता। भले ही वह संकट के समय इसका उपयोग कर सकता है, लेकिन उसका नैतिक दायित्व है कि वह इसे अपनी पत्नी को लौटाए। न्यायालय ने महिला को उसका 25 लाख रुपये मूल्य का सोना लौटाने का निर्देश भी उसके पति को दिया। इस मामले में महिला ने दावा किया था कि उसकी शादी के समय उसके परिवार ने 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। महिला के मुताबिक शादी की पहली रात पति ने उसके सारे आभूषण ले लिए और सुरक्षित रखने के बहाने से अपनी मां को दे दिए। महिला ने आरोप लगाया कि पति और उसकी मां ने अपने कर्ज को चुकाने में उसके सारे जेवर का दुरुपयोग किया। कुटुम्ब अदालत ने 2011 में कहा था कि पति और उसकी मां ने वास्तव में अपीलकर्ता महिला के सोने के आभूषण का दुरुपयोग किया। इसलिए वह नुकसान की भरपाई की हकदार है।

## कांग्रेस ने घोषित किए प्रदेश की 8 सीटों पर प्रत्याशी, बृजेंद्र और श्रुति को झटका

# रोहतक से दीपेंद्र, सिरसा से सैलजा व भिवानी से दान सिंह देंगे चुनौती

**रोहतक/नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** कांग्रेस ने आखिरकार गुरुवार देर रात हरियाणा की आठ लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। कांग्रेस ने हिसार, भिवानी-महेंद्रगढ़ व करनाल सीट के नामों व गुरुग्राम सीट को होल्ड कर सभी को चौंका दिया है। रोहतक से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, भिवानी-महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी, सिरसा से कुमारी सैलजा, अंबाला से विधायक वरुण चौधरी, करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा और फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप को उम्मीदवार बनाया। सूची में हुड्डा गुट का प्रभाव साफ देखने को मिला। भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए बृजेंद्र सिंह, श्रुति चौधरी और वीरेंद्र मराठा को झटका देते हुए कांग्रेस ने इनका टिकट काट दिया है।


दीपेंद्र हुड्डा, रोहतक | कु सैलजा, सिरसा | जयप्रकाश, हिसार | राव दान सिंह, भिवानी
वरूण, अंबाला | सतपाल, सोनीपत | महेंद्र प्रताप, फरीदाबाद | दिव्यांशु, करनाल

### गुरुग्राम अभी होल्ड पर

गुरुग्राम सीट पर लंबे समय से राजबब्बर का नाम चल रहा था, परंतु फिलहाल इस सीट को कांग्रेस ने होल्ड पर रखा है। सीट होल्ड करने के पीछे बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव से जोड़कर देखा जा रहा है। गुरुग्राम सीट पर लालू यादव के समधि कैप्टन अजय यादव भी दावेदारी जता रहे हैं। कांग्रेस नौ सीट पर और आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र की एकमात्र लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही है।




## सियासत

आयोग ने दोनों नेताओं को थमाया नोटिस, दोनों दलों के अध्यक्षों नड्डा व खरगे से जवाब तलब

भाजपा-कांग्रेस पार्टी अध्यक्षों को 29 अप्रैल तक जवाब देना होगा

# पीएम मोदी व कांग्रेस नेता राहुल पर भाषण में नफरत फैलाने का आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग (ईसी) ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषणों पर नोटिस जारी किया। यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 के सेक्शन 77 के तहत जारी किया गया है। पीएम मोदी भाजपा और राहुल गांधी कांग्रेस के स्टार प्रचारक हैं। इस लिहाज से इनके भाषणों के लिए ईसी ने पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार माना है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है। चुनाव आयोग से मोदी और राहुल के भाषण में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया कि ये नेता धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

### यह कहा था मोदी ने



पीएम मोदी ने 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। कांग्रेस के घोषणा पत्र में लिखा है कि सरकार बनने पर मां-बहनों के सोने का हिसाब करेंगे। इसकी जानकारी लेंगे और फिर बांट देंगे। साथ ही पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। पीएम मोदी की इसी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी और कहा था कि यह आचार संहिता का उल्लंघन है। मोदी का यह बयान विभाजनकारी, दुर्भावना से भरा है और समुदाय विशेष को टारगेट करने वाला है।

### राहुल ने यह कहा था



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल की चुनावी सभा में गरीबी बढ़ने की बात कही थी। उन्होंने यह भी कहा था कि 22 लोग भारत के 70 करोड़ लोगों से ज्यादा अमीर हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि अगर उनकी सरकार आती है तो एक झटके में गरीबी खत्म हो जाएगी। इस पर भाजपा ने नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। राहुल गरीबी बढ़ने का झूठा दावा कर रहे हैं। भाजपा ने इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया था और राहुल के भाषण भ्रम फैलाने वाला कहा था। चुनाव आयोग के नोटिस पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि हम इसका जवाब देंगे। भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है।

### धारा 1951 के तहत जारी हुए नोटिस

भारत में लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले कैंडिडेट्स के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं। इन्हें 1951 में बनाए गए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में डिफाइन किया गया है। इनमें एक हिस्सा चुनावी आचार संहिता का है। चुनाव के समय हर कैंडिडेट को इसका पालन करना होता है। किसी भी जगह आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर चुनाव आयोग एक्शन लेता है।




राजनीति

# चौटाला परिवार ने छोड़ दिया गढ़, हिसार-कुरुक्षेत्र में किस्मत आजमा रहे परिजन

*ऐसा पहली बार हो रहा है कि पूरा चौटाला परिवार सिरसा से बाहर चुनाव प्रचार में हैं। कुरुक्षेत्र में अभय अपने लिए जोर लगा रहे तो बिजली मंत्री रणजीत सिंह, नैना चौटाला व सुनैना हिसार में प्रचार में जुटीं।*

## इनेलो के सर्वोसर्वा अभय चौटाला कुरुक्षेत्र, बिजली मंत्री रणजीत, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत की माता नैना व इनेलो की सुनैना हिसार से मैदान में

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद



देवीलाल परिवार का गढ़ रही सिरसा संसदीय सीट पर इस बार चौटाला परिवार का कोई भी नेता सक्रिय नजर नहीं आ रहा। हालांकि सिरसा संसदीय सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है। यहां देवीलाल परिवार का दबदबा रहा है। इस बात का अंदाजा 2014 में हुए चुनाव को लेकर लगाया जा सकता है।

देशभर में नरेन्द्र मोदी की लहर के बावजूद यहां से इनेलो के चरणजीत रोड़ी सांसद बने थे और कई बार अभय चौटाला ऐलनाबाद से विधायक बनते आ रहे हैं। इसके अलावा यहां इनेलो पार्टी की टिकट पर 4 बार सांसद चुने जा चुके हैं। चौटाला परिवार के अभय सिंह चौटाला मौजूदा समय में इनेलो के सर्वोसर्वा है, इस बार कुरुक्षेत्र से अपना भाग्य आजमा रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस व आम आदमी पार्टी गठबंधन के उम्मीदवार सुशील गुप्ता व भाजपा के नवीन जिंदल चुनाव मैदान में है।

चौटाला परिवार के ही वरिष्ठ सदस्य बिजली मंत्री रणजीत सिंह भाजपा टिकट पर, पूर्व उपमुख्यमंत्री व जजपा के प्रमुख दुष्यंत चौटाला की मां नैना चौटाला जजपा टिकट पर तथा देवीलाल परिवार की पुत्रवधू सुनैना चौटाला इनेलो टिकट पर हिसार से चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि पूरा चौटाला परिवार सिरसा से बाहर चुनाव प्रचार में हैं।

### प्रदेश की दो सीटों में सिमटा परिवार

कुरुक्षेत्र में अभय अपने लिए जोर लगा रहे तो बिजली मंत्री रणजीत सिंह, नैना चौटाला व सुनैना चौटाला के लिए पूरा परिवार हिसार में डेरा डाले हुए है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि पूरा चौटाला परिवार दो सीटों पर ही सिमट कर रह गया है। इससे पूर्व में सिरसा लोकसभा क्षेत्र में चौटाला परिवार के सदस्य सक्रिय रहते थे। क्योंकि यहां देवीलाल व चौटाला परिवार का पूरा दबदबा है। सिरसा सीट पर दबदबे व खासे हस्तक्षेप के चलते चौटाला परिवार यहां से चार बार अपने सांसद बनाने में भी कामयाब रहा है लेकिन 2024 के चुनाव में सब इसके उलट नजर आ रहा है। इस बार यहां से भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर है और दो धड़ों में बंटा चौटाला परिवार यहां से गायब है।

### अब तक ये रहे सांसद

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1967 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1971 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | चांदराम | जनता पार्टी |
| 1980 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | दलबीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | हेतराम | जनता दल |
| 1991 | कुमारी सैलजा | कांग्रेस |
| 1996 | कुमारी सैलजा | कांग्रेस |
| 1998 | डॉ. सुशील इंदौरा | हलोदरा |
| 1999 | डॉ. सुशील इंदौरा | इनेलो |
| 2004 | आत्मा सिंह गिल | कांग्रेस |
| 2009 | डॉ. अशोक तंवर | कांग्रेस |
| 2014 | चरणजीत रोड़ी | इनेलो |
| 2019 | सुनीता दुग्गल | भाजपा |

सियासी हलचल

### साइबर नगरी में मतदाता जागरूकता मैराथन 28 को

**गुरुग्राम\चंडीगढ़।** गुरुग्राम जिला में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता के इसी क्रम में रविवार 28 अप्रैल को गुरूग्राम में मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन व मैराथन में ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो। इसी आशय को लेकर जिला में स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा ने विकास सदन स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### महिला वोटर्स वोट की चोट से भाजपा को करारा जवाब देगी : सैलजा

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों राजस्थान की एक चुनावी रैली में कहा था कि कांग्रेस महिलाओं के गहने और मंगलसूत्र लेकर पैसा ऐसे लोगों में बांट देगी जिनके अधिक बच्चे हैं, जो घुसपैठिए हैं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी अगर मंगलसूत्र का महत्व और महिलाओं की कुर्बानी को समझते तो ऐसी बातें नहीं करते। कुमारी सैलजा ने कहा कि महिला मतदाता वोट से चोट से भाजपा को करारा जवाब देगी।

## कुरुक्षेत्र में मतदाताओं को लुभा रहे उम्मीदवार

# परवान चढ़ा चुनाव का प्रचार

तरूण वधवा ▶▶ कुरुक्षेत्र





प्रदेश की धार्मिक नगरी में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। भाजपा व इनेलो सहित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हुए है। इसके साथ ही पार्टियों के नेता भी चुनाव प्रचार में उतर गए हैं। पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए नुक्कड़ सभाएं व जनसम्पर्क करके उनके पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। चुनाव को लेकर प्रत्याशी एडी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। ज्यों-ज्यों मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है, चुनावी प्रचार परवान चढ़ता दिखाई दे रहा है। इन दिनों गांव से लेकर शहर में प्रत्याशियों के बैनर-झंडे लगी गाड़ियां सरपट दौड़ती नजर आ रही हैं। वहीं चुनाव में वोट समर्थन की अपील करते हुए पैम्पलेट व पोस्टर भी दिखने लगे हैं। प्रत्याशी अलसुबह से लेकर देर रात तक मतदाताओं से संपर्क साधने में लगे हैं। लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण में 25 मई 2024 को लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान होगा।

### दिनभर चल रही जनसभाएं

कुरुक्षेत्र लोकसभा से भाजपा की ओर से नवीन जिंदल चुनावी मैदान में है। वही इनेलो की ओर से अभय सिंह चौटाला व इंडिया गठबंधन की ओर से आप के प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी है। तीनों प्रत्याशी सुबह से लेकर रात तक कई-कई जनसभाओं में शामिल होकर मतदाताओ से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे है। गांव से लेकर शहर तक में दिनभर जनसभाएं चल रही है। भाजपा प्रत्याशी जहां भाजपा कार्यकाल में हुए कार्यों को जनता के समक्ष रख रहे है। वही विपक्षी पार्टियों के प्रत्याशी चुनाव जीतने के बाद कराए जाने वाले विकास कार्यों का वादा कर रहे हैं। चुनावी समर में भाग्य आजमा रहे प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के पैर छूकर मत रूपी आशीर्वाद लेने और नैया पार लगाने की दुहाई दे रहे हैं। रुठों को मनाने की कवायद भी की जा रही है। साथ ही जातिगत समीकरण भी बिठाए जा रहे हैं। दिनभर के प्रचार के बाद रात को कार्यालय में अगले दिन की चुनावी रणनीति तैयार की जा रही है।

### आसान नहीं कुरुक्षेत्र का रण

कुरुक्षेत्र लोकसभा के चुनावी रण में इंडिया गठबंधन, इनेलो व भाजपा ने अपने-अपने प्रत्याशी उतार दिए है। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं कुरुक्षेत्र से कांग्रेस के दो बार सांसद रह चुके नवीन जिंदल को अबकी बार भाजपा ने टिकट दिया है, वहीं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं आप पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता को टिकट देकर चुनावी रण में उतारा है। इनेलो पार्टी की ओर से स्वयं अभय चौटाला मैदान में उतरे है। अभी जजपा की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा नही की गई है। लोकसभा के चुनावी रण में एक ही समुदाय से दो प्रत्याशी उतारे जाने से जहां समुदाय के लोग असमंजस में है। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुशील गुप्ता, भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल व इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला कई दिनों से चुनावी मैदान में डटे हुए है। अब फैसला जनता के हाथ में है कि अबकी बार जनता किसे अपना सांसद चुनती है यह भविष्य के गर्भ छिपा है। तीन उम्मीदवार मतदाताओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

### कांग्रेस की सोच सिर्फ गरीबों को गरीब बनाए रखकर उनपर शासन करने की : मुख्यमंत्री



**महेंद्रगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस की सोच गरीब को गरीब व कमजोर को कमजोर बनाए रखने वाली है। इस नीति से ही कांग्रेस शासन करती रही है, लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को राहत देने का काम किया है और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने का काम किया है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया। उसके बाद 35 साल तक कांग्रेस ने देश पर राज किया, लेकिन गरीबों की कभी चिंता नहीं की। आज प्रधानमंत्री ने गरीबों को आयुष्मान कार्ड देकर बड़ी राहत दी है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कानून व्यवस्था कभी नहीं रही भाजपा की प्राथमिकता



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कानून व्यवस्था, बिजली, पानी व कल्याणकारी योजनाएं कभी बीजेपी की प्राथमिकताएं नहीं रहे। प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं की हालत पर आई ताजा रिपोर्ट ने बीजेपी के शिक्षा विरोधी चेहरे को बेनकाब कर दिया है। रिपोर्ट में पता चलता है कि प्रदेश के स्कूलों में 26000 से ज्यादा टीचर्स तो कॉलेज में 4738 सहायक प्रोफेसर्स के पद खाली पड़े हुए हैं। कोई नया स्कूल व कॉलेज स्थापित करना तो दूर, ये सरकार पहले से स्थापित संस्थानों में अध्यापक व अन्य स्टाफ तक मुहैया नहीं करवा पाई।

# हुड्डा ने एसआरके गुट को दिया झटका, बीरेंद्र व किरण के हाथ खाली

मोहन भारद्वाज ▶▶ रोहतक

## एसआरके गुट से केवल सैलजा को टिकट, श्रुति चौधरी का टिकट कटा, बृजेंद्र सिंह को भाव नहीं

प्रदेश कांग्रेस में एसआरके व हुड्डा गुट के बीच चली आ रही बर्चस्व की लड़ाई में हुड्डा एक बार फिर भारी पड़े। एसआरके गुट से केवल कुमारी सैलजा ही सिरसा से अपनी टिकट पाने में सफल रही।

### हुड्डा का सात पर दांव

प्रदेश की बाकी सभी सात सीटों पर हुड्डा गुट समर्थकों पर पार्टी ने विश्वास जताया है। जयप्रकाश, दीपांशु बुद्धिराजा, सतपाल महाराज, वरूण चौधरी, महेंद्र प्रताप को हुड्डा गुट समर्थक माना जाता है। जबकि एसआरके गुट के भारी विरोध के बावजूद रोहतक से भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा को टिकट दिलवाने में भी सफल रही। कांग्रेस की लंबे समय से अटकी हरियाणा के उम्मीदवारों की सूची वीरवार देर रात आखिरकार आ ही गई। कांग्रेस ने हिसार, भिवानी-महेंद्रगढ़ व करनाल सीट के नामों व गुरुग्राम सीट को होल्ड कर सभी को चौका दिया। कांग्रेस ने रोहतक से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, भिवानी-महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह, सोनीपत से सतपाल महाराज, सिरसा से कुमारी सैलजा, अंबाला से विधायक वरूण चौधरी, करनाल से दीपांशु बुद्धिराजा और फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप को अपना उम्मीदवार बनाया।

### गुरुग्राम सीट पर पेंच

गुरुग्राम सीट पर लंबे समय से राजबब्बर का नाम चल रहा था, परंतु फिलहाल इस सीट को कांग्रेस ने होल्ड पर रखा है। सीट होल्ड करने के पीछे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव से जोड़कर देखा जा रहा है। गुरुग्राम सीट पर लालू यादव के समधि कैप्टन अजय यादव भी अपनी दावेदारी जता रहे हैं।

लोकसभा चुनावों की घोषणा से ठीक पहले भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए हिसार से भाजपा के निवर्तमान सांसद बृजेंद्र सिंह व उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह को कांग्रेस ने घर वापसी पर बड़ा झटका देते हुए हिसार से बृजेंद्र की बजाय जयप्रकाश उर्फ जेपी को टिकट दिया है। इसी प्रकार से एसआरके गुट के प्रमुख नेताओं में शुमार किरण चौधरी की बेटी एवं पूर्व मुख्यमंत्री बंसी लाल की पौत्री पूर्व सांसद श्रुति चौधरी का भिवानी महेंद्रगढ़ से टिकट काटकर राव दान सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं टिकट मिलते ही प्रत्याशियों के समर्थकों ने जश्न मनाया।

# बबली ने इशारों-इशारों में दिए जजपा को छोड़ने के संकेत

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



- एक्स पर बबली ने पार्टी को दिखाए तेवर
- जल्द पार्टी छोड़ने की चल रही चर्चाएं

हरियाणा में गठबंधन की सरकार चला रहे भाजपा और जजपा के नेताओं ने अपनी राहे अलग अलग कर ली हैं। वहीं सरकार से जाते ही जननायक जनता पार्टी के नेताओं को झटके पर झटका लग रहा है। पार्टी संगठन से काफी बड़ी संख्या में प्रमुख चेहरे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को बाय बाय कर चुके हैं। एक दिन पहले ही जजपा विधायक ईश्वर सिंह के बेटे ने जहां डेयरी डेवलपमेंट विभाग की चेयरमैनी छोड़ दी है।

वहीं, अब पूर्व मंत्री और टोहाना सीट से विधायक बने देवेंद्र बबली ने भी इशारों ही इशारों में बाय बाय करने के संकेत दे दिए हैं।लोकसभा चुनावी मुहिम के बाद राज्य में विधानसभा के चुनाव भी होने हैं, इसको ध्यान में रखते हुए सियासी दिग्गजों ने अभी से सियासी खेल खेलने की शुरुआत कर दी है। वैसे, तो जजपा के कईं विधायकों द्वारा शुरुआती दौर से ही तीखे तेवर दिखाए जा रहे थे, इसमें दादा गौतम तो शुरुआती दौर से ही नाराजगी जाहिर कर चुके थे, इसके अलावा अब जब गठबंधन टूटा, तो कईं विधायकों ने राज्य की मनोहर और नायब सैनी सरकार का समर्थन भी कर दिया है।

### एक्स पर शायरी

अब पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली टोहाना की ओर से सोशल मीडिया अर्ता एक्स पर शायरी लिखकर संकेत साफ कर दिए हैं कि वे अब इस मंच पर ज्यादा दिन ठहरने वाले नहीं हैं। इसके साथ ही जन नायक जनता पार्टी को बाय बाय करने की बात लगभग तय है। उन्होंने लिखा है कि जो तुझ से लिपटी बेडियां, समझ न इनको वस्त्र तू, ये बेडियां पिघाल के, बना ले इनको शस्त्र तू/ तू खुद्दच की खोज में निकल, तू किस लिए हताश है, तू चल तेरे वजूद की समय को भी तलाश है।पिछले विधानसभा चुनावों अर्थात 2019 में हुए विधानसभा चुनावों में टोहाना से कांग्रेस की टिकट प्राप्त करने की जुगत में लगे बबली को जब नहीं मिली, तो उन्होंने जजपा से टिकट लेकर चुनाव लड़ा और विरोधी भाजपा के प्रत्याशी सुभाष बराला एक लाख से ज्यादा वोट लेकर करारी मात दी थी। बाद में मंत्री बनने का इंतजार करते रहे और दिसंबर 2021 में मंत्री बने थे।


## कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, मुण्डलाना

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड मुण्डलाना की 26 ग्राम पंचायतो में पंचायत भूमि को वर्ष 2024-25 हेतू कृषि कार्य हेतू पट्टे पर दिया जाना है। जिनका विवरण निम्न प्रकार से है:-

**शामलात भूमि पट्टा हेतु कार्यक्रम वर्ष 2024-25 खण्ड मुण्डलाना।**

| क्रम स. | ग्राम पंचायत का नाम | कुल भूमि A-K-M | दिनांक | समय | स्थान | ग्राम सचिव | विस्तारक अधिकारी | सक्षम अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छतहैरा | 23-2-15 | 03-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री दीपक दहिया | श्री अरविन्द, लिपिक | B.D.P.O. |
| 2 | नुरनखेड़ा | 32-2-16 | 03-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री दीपक शर्मा | श्री आशीष जे०ई० | B.D.P.O. |
| 3 | चिड़ाना | 34-5-16 | 03-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्रीमति फूल | श्री राजकुमार, एस०ई०पी०ओ० | B.D.P.O. |
| 4 | कोहला | 40-5-10 | 03-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री शमशेर | श्री जोनी लाल पटवारी | B.D.P.O. |
| 5 | शामडी सिसान | 26-3-09 | 03-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री कपिल | श्री कुलदीप जे०ई० | B.D.P.O. |
| 6 | शामडी लोहचब | 28-0-0 | 03-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री अश्वनी मलिक | श्री नरेश गुलिया सहायक | B.D.P.O. |
| 7 | राणा खेड़ी | 19-3-15 | 03-05-2024 | 12 PM | चौपाल | श्री शमशेर | श्री जोनी लाल पटवारी | B.D.P.O. |
| 8 | सिवानका | 39-5-01 | 03-05-2024 | 12 PM | चौपाल | श्री दीपक दहिया | श्री अरविन्द, लिपिक | B.D.P.O. |
| 9 | खन्दराई | 25-5-17 | 03-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री सुरेन्द्र | श्री जितेन्द्र सहायक | B.D.P.O. |
| 10 | शामड़ी बुरान | 44-6-0 | 03-05-2024 | 12 PM | ग्राम सचिवालय | श्रीमति फूल | श्री राजकुमार, एस०ई०पी०ओ० | B.D.P.O. |
| 11 | बुटाना कुण्डू | 63-0-0 | 03-05-2024 | 10 AM | ग्राम सचिवालय | श्री जगदीप | श्री विकास जे०ई० | D.D.P.O |
| 12 | बरोदा ठुठान | 30-8-5 | 03-05-2024 | 12 PM | चौपाल | श्री अश्वनी मलिक | श्री नरेश गुलिया सहायक | B.D.P.O. |
| 13 | मुण्डलाना | 75-0-0 | 06-05-2024 | 10 AM | ग्राम सचिवालय | श्री दीपक मलिक | श्री जोनी लाल पटवारी | D.D.P.O |
| 14 | गंगेसर | 18-4-16 | 06-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री कपिल | श्री कुलदीप जे०ई० | B.D.P.O. |
| 15 | बिचपडी | 33-3-16 | 06-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री दीपक दहिया | श्री राजकुमार, एस०ई०पी०ओ० | B.D.P.O. |
| 16 | बुटाना खेतलान | 41-4-19 | 06-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री जगदीप | श्री विकास जे०ई० | B.D.P.O. |
| 17 | महमुदपुर चहल | 46-3-0 | 06-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री शमशेर | श्री जोनी लाल पटवारी | B.D.P.O. |
| 18 | अहमदपुर माजरा | 33-2-18 | 06-05-2024 | 12 PM | चौपाल | श्री जगदीप | श्री विकास जे०ई० | B.D.P.O. |
| 19 | महमुदपुर मान | 65-5-01 | 07-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री जगदीप | श्री विकास जे०ई० | D.D.P.O |
| 20 | गंगाना | 09-0-0 | 07-05-2024 | 10 AM | ग्राम सचिवालय | श्री दीपक दहिया | श्री जितेन्द्र सहायक | B.D.P.O. |
| 21 | मातण्ड | 82-1-18 | 07-05-2024 | 12 PM | चौपाल | श्री जगदीप | श्री राजकुमार, एस०ई०पी०ओ० | D.D.P.O. |
| 22 | दुराना | 41-7-16 | 07-05-2024 | 10 AM | ग्राम सचिवालय | श्री शमशेर | श्री जोनी लाल पटवारी | B.D.P.O. |
| 23 | जवाहरा | 40-1-15 | 07-05-2024 | 12 PM | ग्राम सचिवालय | श्री दीपक शर्मा | श्री आशीष जे०ई० | B.D.P.O. |
| 24 | बुसाना | 130-0-16 | 07-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री दीपक मलिक | श्री जोनी लाल पटवारी | A.D.C. |
| 25 | भादौटी खास | 13-7-4 | 07-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री कपिल | श्री नरेश गुलिया सहायक | B.D.P.O. |
| 26 | सिरसाढ | 260-0-0 | 08-05-2024 | 10 AM | चौपाल | श्री दीपक मलिक | श्री जोनी लाल पटवारी | A.D.C |

उक्त बारे अन्य जानकारी लेने के लिये समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी, मुण्डलाना व सम्बन्धित ग्राम सचिव से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, मुण्डलाना।


## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

### सुनिश्चित पुरस्कार

201. सुरेश चंद सुपुत्र रामकिशन एकता कॉलोनी 208सी1976यू193ए रोहतक, 202. जगदेव सिंह सुपुत्र सिंहराम ऋषि कॉलोनी, झज्जर 124103, 203. कनिष्क सुपुत्र श्री तरूण कुमार मौ. नलापुर छत्ते के पास, बहलवान, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 204. श्री तरूण कुमार सुपुत्र श्री बिशनवचंद मौ. बहलवान छत्ते के पास, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 205. श्री शिवकुमार मुंजाल सुपुत्र श्री कालूराम मुंजाल, म.नं. 23, प्रेम कॉलोनी, दीपक मंदिर, सोनीपत, 206. रामप्रकाश शर्मा सुपुत्र श्री मामनराम शर्मा मं.नं. 352/17 गांधी गली, जींद 126102, 207. रोनक राम सुपुत्र मातू राम ,v.p.o बालू गादड़ा पट्टी ,कलायत पिन-136117, 208. ताराचंद सुपुत्र हरद्वारी गांव व डा. नोनन्द सांपला रोहतक 124501, 209. लावण्या सुपुत्री राजेंद्र 69-IIIबी हनुमान मंदिर के पास रोहतक 124001, 210. पराग सुपुत्र श्री संजीव कुमार पताः कनीना वार्ड न.8, 211. यक्ष सुपुत्र जितेंद्र गढ़ी बोहर रोहतक 124001, 212. अशोक कुमार सुपुत्र श्री ओमप्रकाश देव नगर वार्ड नं. 1 सांपला रोहतक 124501, 213. सुशीला बावलिया सुपुत्री सन्तराम बावलिया साल्हावास, झज्जर 124146, 214. विनोद सुपुत्र भारत सिंह गांव कनीना महेंद्रगढ़ 123027, 215. कम्मो देवी पत्नी मंगतराम गांव, डा. व तहसील जुलाना, जींद 126101, 216. मधुबाला पत्नी जय भगवान म.नं. 840/13 गली नं. 10, भगतसिंह कॉलोनी, बहादुरगढ़, झज्जर, 124507, 217. अनाया सुपुत्री सुनील कुमार पताः गांव बेरी , 218. हर्षित सुपुत्र अमित गांव व डा. गतौली, तहसील जुलाना, जींद 126114, 219. राजीव सुपुत्र श्री जगदीश 711/21 कैलाश कॉलोनी, रोहतक 124001, 220. नैतिक सुपुत्र सतीश कुमार पताः कनीना वार्ड न.7, 221. सुमेर सिंह सुपुत्र रामजीलाल वार्ड नं. 11, गांव कनीना, त. कनीना, महेंद्रगढ़ 123027, 222. कुलदीप सिंह सुपुत्र श्री बंशीराम ग्रा.डा. कनीना, तहसील कनीना, महेंद्रगढ़ 123027, 223. यक्षित सुपुत्र प्रवीन कुमार 2098/10 ताऊ नगर, रोहतक 124001, 224. शिवम गांधी सुपुत्र श्याम सुंदर 585/6 प्रताप चौक रोहतक 124001, 225. भूपेंद्र सिंह सुपुत्र श्री जोरा सिंह 2291/1 नेहरू कॉलोनी रोहतक 124001, 226. लक्ष्य मलिक सुपुत्र श्री विरेंद्र म.नं. 1197/21, प्रेम नगर, हैफेड रोड, गली नं. 9 रोहतक 124001, 227. सुनिल कुमार सुपुत्र श्री कृष्णलाल गांव बिरड़ तहसील साल्हावास, झज्जर, 124146, 228. मनोज सुपुत्र ईश्वरसिंह गांव ढाणा, डा. साल्हावास, झज्जर, 124146, 229. अमित सुपुत्र राजेश वार्ड नं. 2 जुलाना, तहसील जुलाना, जींद 126101, 230. प्रदीप सुपुत्र राज कुमार वार्ड नं. 2 जुलाना, जींद 126101, 231. यश कुमार सुपुत्र ऋषि कुमार विश्म्बर नगर, रोहतक रोड, जींद 126102, 232. कपूर सिंह सुपुत्र कर्म सिंह गां. व डा. डाहौला तहसील जींद, जींद 126125, 233. विजय कुमार सुपुत्र श्री रामप्रकाश गांव साल्हावास, मातनहेल, झज्जर 124146, 234. खजान सिंह सुपुत्र रामसिंह गांव पलड़ा, तहसील बेरी, झज्जर 124103, 235. परमिंदर कौर भूपेंद्र सिंह 869ए/23 डी.एल.एफ कॉलोनी, रोहतक 124001, 236. जयकिशन सुपुत्र स्व. पूर्ण चन्द्र 187बी वार्ड नं. 34 जनता कॉलोनी, रोहतक 124001, 237. रविंद्र कथूरिया पत्नी नीलम कथूरिया 194/18 आर्य नगर, रोहतक 124001, 238. जयभगवान सुपुत्र श्री नफेसिंह लालबहादुर शास्त्री नगर, हिसार रोड, रोहतक 124001, 239. जगदीश खुराना 252/2 गढ़ी मोहल्ला रोहतक 124001, 240. अशोक कुमार सुपुत्र सरूप सिंह 1060/11 डेयरी मोहल्ला रोहतक 124001, 241. रामफलसिंह वर्मा सुपुत्र श्री पोहकरमल 14/35 शास्त्री नगर, नजफगढ़ रोड, बहादुरगढ़, झज्जर, पिन 124507, 242. नरेंद्र आर्य सुपुत्र बनवारी लाल शर्मा 1723/11 डेयरी मोहल्ला, अम्बेडकर धर्मशाला के पास, रोहतक 124001, 243. खुशी सुपुत्री ममता बोया बाल भारती पब्लिक स्कूल, घरोंड़ा , करनाल 132114, 244. श्रुति पत्नी डॉ. मोहन मुदगल राजेंद्र नगर, गोहाना रोड, शिव मंदिर के पास, रोहतक 124001, 245. राम मेहर सुपुत्र पंजाब सिंह राजनगर, अपोलो रोड, जींद 126102, 246. बिरेंद्र सिंह सुपुत्र श्री जिले सिंह सैनिक कॉलोनी रोहतक 124001, 247. कृष्णलाल सुपुत्र ओमप्रकाश 1163/26 गाँधी चौक रोहतक 124001, 248. नताशा सुपुत्री सुशील कुमार एकता कॉलोनी, साबुन फैक्ट्री के पास रोहतक 124001, 249. अनिल कुमार सुपुत्र सुभाष चंद्र श्याम नगर, गली नं. 3 पटियाला चौक, जींद 126102, 250. राम प्रसाद सैनी सुपुत्र रोशन लाल सैनी, पताः नागंल चौधरी।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-
फोन : 9253681019, 9253681020



## खबर संक्षेप

### नशे में स्कूली बच्चों को लेने पहुंचा वैन चालक

**रेवाड़ी।** प्राइवेट स्कूल बसों पर महेंद्रगढ़ हादसे के बाद भी बड़ी संख्या में चालकों के हालात बदले नहीं हैं। कोसली के आरपीएस स्कूल की वैन का चालक शराब के नशे में बच्चों को लेने के लिए पहुंच गया। एक बच्ची के अभिभावक ने चालक को रोकने का प्रयास किया, तो वह वैन लेकर भाग गया। अभिभावक ने तुरंत ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को ई-मेल से शिकायत दर्ज कराई, तो आरटीए सचिव ने स्कूल संचालक को नोटिस जारी कर दिया।

### अश्विनी होंगे पंचकूला के चीफ विजिलेंस आफिसर

**चंडीगढ़।** सरकार ने वर्ष 2011 बैच के आईएएस आफिसर अश्विनी कुमार गुप्ता को पंचकूला का चीफ विजिलेंस आफिसर नियुक्त किया है। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की ओर से नई नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। इससे पहले गुप्ता एचएसआईआईडीसी में अतिरिक्त प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत थे। पंचकूला में चीफ विजिलेंस आफिसर का पद लंबे समय से खाली पड़ा था।

### एटीएम तोडने के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पटौदी एरिया में एटीएम तोड़ने का प्रयास करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों की पहचान पलवल के पचानका निवासी आमिर व मुकसीद के रुप में हुई। आरोपी आमिर पर चोरी करने का एक केस नूंह में व दो केस पलवल में दर्ज हैं।

### सीएम फ्लाइंग ने भारी मात्रा में ई-सिगरेट पकड़ी

**गुरुग्राम।** सीएम फ्लाइंग ने खेडक़ीदौला एरिया में एक शॉप पर भारी मात्रा में प्रतिबंधित ई सिगरेट व अवैध विदेशी सिगरेट पकड़ी हैं। सीएम फ्लाइंग की टीम को सूचना मिली कि सेक्टर-82 के टाउन स्क्वेयर में डीएन पान कॉर्नर पर अवैध रुप से प्रतिबंधित ई सिगरेट व विदेशी सिगरेट बेची जा रही हैं। जिस पर टीम ने मौके पर रेड की। जहां टीम को प्रतिबंधित ई सिगरेट व विदेशी सिगरेट बेचता एक युवक मिला। आरोपी विमलेश कुमार रामपुरा में किराए पर रहता है। टीम को मौके पर भारी मात्रा में प्रतिबंधित ई सिगरेट व विदेशी सिगरेट मिली।

### हिसार से रणजीत चौटाला को टिकट मिलने के बाद नाराजगी

# रूठे कुलदीप बिश्नोई को मनाने पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

- भव्य बिश्नोई आने वाले समय के नेता : नायब सैनी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

प्रदेश की हिसार लोकसभा सीट से टिकट न मिलने से कुलदीप बिश्नोई नाराज चल रहे हैं। रूठे नेता को मनाने के लिए खुद मुख्यमंत्री नायब सैनी गुरुवार को दिल्ली स्थित बिश्नोई हाउस में कुलदीप बिश्नोई से मुलाकात करने पहुंचे।

बताया गया है कि लोकसभा चुनाव सहित कई विषयों पर सीएम और कुलदीप के बीच विस्तृत व सकारात्मक बातचीत हुई। कुलदीप बिश्नोई का कहना है कि मैं नाराज नहीं हूं। मैं शुरू से ही भाजपा के साथ हूं। हिसार में चुनाव प्रचार के संबंध में उन्होंने बताया कि हिसार से बीजेपी को जिताएंगे। प्रदेश में बीजेपी के लिए एक तरफा माहौल बना हुआ है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुलदीप बिश्नोई ने नाश्ते पर बुलाया था। हमारे बीच कोई नाराजगी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मैदान में उतरने से डर रही है। उनके पास अभी तक भी सभी सीटों पर उम्मदवार नहीं हैं। सीएम ने कहा कि भव्य बिश्नोई आने वाले समय के नेता हैं।

उल्लेखनीय है कि हिसार से रणजीत चौटाला को टिकट देने के बाद हलचल शुरू हुई। कुलदीप बिश्नोई हिसार सीट से भाजपा की टिकट के सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन उनकी जगह पर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने निर्दलीय विधायक और नायब सैनी सरकार के कैबिनेट मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को टिकट दे दी है। इसके बाद कुलदीप-भव्य ने न केवल भाजपा उम्मीदवार से दूरी बना ली बल्कि कुलदीप ने सोशल मीडिया पर यह भी लिखा कि वे कांग्रेस में नहीं जा रहे हैं। इससे उनके पार्टी छोड़ने के संकेत सामने आने लगे।



**नई दिल्ली।** कुलदीप बिश्नोई के निवास पर मिलते हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य।

#### पूर्व राष्ट्रपति से मिले

**चंडीगढ़।** देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मुलाकात की है। दोनों की यह मुलाकात पंजाब राजभवन में हुई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुलाकात की है। बताया गया है कि प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव और सियासी हालात को लेकर भी सीएम सैनी ने पूर्व पूर्व राष्ट्रपति से बातचीत की है।

# तथ्य-जांच समिति में प्रदेश सरकार के दो मंत्री शामिल

- शिक्षा राज्यमंत्री सीमा त्रिखा चेयरपर्सन,परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल सदस्य बने

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रदेश सरकार के गजट में प्रकाशित एक अधिसूचना मार्फत विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) के आदेशानुसार गत वर्ष 22 दिसम्बर को गठित एक तथ्य-जांच समिति (फैक्ट फाइंडिंग कमेटी) में प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार के दो राज्यमंत्रियों को शामिल किया गया हैद्ध इसमें शिक्षा राज्यमंत्री सीमा त्रिखा चेयरपर्सन जबकि परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल नन्योला को सदस्य नामित किया गया है जिस पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

ज्ञात रहे कि हरियाणा विधानसभा के गत वर्ष दिसम्बर, 2023 के शीतकालीन सत्र दौरान सदन में जींद जिले के उचाना मंडी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के तत्कालीन प्रिंसिपल करतार सिंह द्वारा वर्ष 2005 से 2023 के मध्य कई स्कूली छात्राओं से तथाकथित यौन उत्पीड़न की घटनाओं पर, जिस पर सदन में 15 दिसम्बर और 18 दिसम्बर पर चर्चा की गयी, के विषय पर स्पीकर द्वारा तत्कालीन स्कूल शिक्षा मंत्री कँवर पाल की अध्यक्षता में एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया गया था। अब गत माह तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के हटने के नायब सिंह सैनी सरकार में स्कूली शिक्षा विभाग सीमा त्रिखा को आबंटित किया है जिससे गत 23 अप्रैल को उपरोक्त गठित तथ्य-जांच समिति में कँवर पाल के स्थान पर सीमा त्रिखा को उपरोक्त कमेटी की नई चेयरपर्सन बनाया गया है।

#### उठने लगे गंभीर सवाल

बहरहाल, इस विषय पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि नियम संख्या 204 (1) जैसा आज तक संशोधित है एवं जो नियम सदन की कमेटियों (समितियों) के सामान्य नियमों से सम्बंधित है, के अनुसार सदन द्वारा गठित की जाने वाली कमेटियों में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (कार्य सलाहकार समिति) और सेलेक्ट कमेटी (प्रवर समिति) को छोड़कर किसी अन्य कमेटी में मंत्री को सदस्य के रूप में नामित नहीं किया जाएगा. वहीं अगर किसी कमेटी में शामिल सदस्य को मंत्री के तौर पर नियुक्त किया जाता है, तो वह मंत्रीपद पर नियुक्ति की तिथि से उस कमेटी का सदस्य ही नहीं रहेगा।

# पीएनबी के मैनेजर पर तीन हजार रुपये जुर्माना

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़**

#### खास बातें

- हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग का फरमान
- अधिसूचित सेवा निर्धारित समयावधि में नहीं दी

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने झज्जर के बादली के पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के तत्कालीन ब्रांच प्रबंधक संजीव किशोर रोहतगी पर अधिसूचित सेवा निर्धारित समयावधि में न देने पर 3 हजार का जुर्माना लगाया है।

यह जुर्माना राज्य खजाना में जमा कराना होगा और जमा करवाए गए जुर्माना की चालान रसीद आयोग को आदेशों के 30 दिनों के भीतर सौंपनी होगी अन्यथा जुर्माना जमा न करवाने की दशा में कानूनन अनुसार रिकवरी की जाएगी। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि आयोग के मुख्य आयुक्त श्री टी.सी. गुप्ता ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया और इस मामले के निपटान के लिए गत 10 अप्रैल को एक सुनवाई की। इस सुनवाई में डॉ. जितेंद्र मलिक, उपमंडल अधिकारी-सह-डीओ, पशुपालन एवं डेयरी, झज्जर, हरियाणा, अमनप्रीत बख्शी, शाखा प्रबंधक, पीएनबी- बादली, झज्जर, हरियाणा और संजीव किशोर रोहतगी, पूर्व शाखा प्रबंधक, (सेवानिवृत्त), पीएनबी-बादली, झज्जर, हरियाणा तथा आवेदक श्रीमती शकुंतला शामिल हुए।

सुनवाई के दौरान संजीव किशोर रोहतगी ने कहा कि 21.04.2022 को ऋण की 'सैद्धांतिक' मंजूरी मिलने के बाद, 24.04.2022 को खरीदारी भी की गई और जब ग्राहक वितरण के लिए आया, तो पाया गया कि आवेदक का सिबिल स्कोर संतोषजनक नहीं था, इसलिए भुगतान नहीं किया गया। यह बात वर्तमान शाखा प्रबंधक अमनप्रीत ने भी दोहराई। उन्होंने आगे कहा कि वितरण न होने का कारण केवल संजीव किशोर रोहतागी द्वारा ही बताया जा सकता है। जब बैंक अधिकारियों से पूछा गया कि उन्होंने ऋण स्वीकृत करने से पहले सिबिल स्कोर की जांच क्यों नहीं की, तो उन्होंने कहा कि वे सरकार की योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए ऋणों की 'सैद्धांतिक' मंजूरी देते हैं और इन चीजों की जांच तभी की जाती है जब मामले सामने आते हैं।

आयोग ने इस मामले के सभी तथ्यों और परिस्थितियों पर सावधानीपूर्वक विचार किया है। जब कोई मामला बैंक को प्रायोजित किया जाता है, तो 'सैद्धांतिक' मंजूरी देने से पहले आवेदन की प्रारंभिक जांच करना बैंक का कर्तव्य है। इस प्रारंभिक जांच में यह शामिल है कि क्या ग्राहक डिफॉल्टर है, क्या ग्राहक का सिबिल स्कोर संतोषजनक है और बैंक के दिशानिर्देशों को पूरा करता है या नहीं और बैंक के निर्देशों के अनुसार अन्य चीजें शामिल हैं। आयोग ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि सरकार की योजनाओं को 'प्रचार' करने और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की मदद करने के नाम पर, उन्होंने पहले तो उन्हें पशु खरीदने के लिए मजबूर किया, जिससे पशु की व्यवस्था करने में लागत आई है। विक्रेता को ढूंढना, खरीद दस्तावेजों पर विभिन्न अधिकारियों के हस्ताक्षर प्राप्त करना और फिर इस मामले में पशु का बीमा भी करवाना।

#### सिबिल स्कोर की बात कहकर नहीं दिया लोन

पशु की खरीद और बीमा के बाद सिबिल स्कोर संतोषजनक नहीं होने की बात कहकर बैंक ने केस खारिज कर दिया और लोन नहीं दिया। आयोग का मानना है कि यदि बैंक ने 'सैद्धांतिक' मंजूरी देने से पहले प्रारंभिक चरण में ही इसे देख लिया होता, तो गरीब आवेदक को इन सभी गतिविधियों को करने में होने वाली परेशानी और समय की बर्बादी से बचाया जा सकता था और खरीदारी पर खर्च होने वाले पैसे भी बचाए जा सकते थे। इसलिए, संजीव किशोर रोहतगी को समय पर अधिसूचित सेवा की डिलीवरी न करने का दोषी पाते हुए जुर्माना लगाया है।

# रेलवे को रद करनी पड़ी 63 ट्रेन

- शंभू रेलवे ट्रैक पर किसानों का धरना जारी
- सरकार को दोबारा 27 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना निरंतर चल रहा है। इसकी वजह से रेल यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर किसान पिछले हफ्ते से पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन पर ट्रैक जाम करके धरना दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि जब तक तीनों किसानों की रिहाई नहीं होती तब रेलवे ट्रैक नहीं खुलेगा। किसानों ने सरकार को दोबारा फिर 27 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया हुआ है। रेलवे की भी आमदनी पर असर पड़ रहा है। किसान आंदोलन के चलते आज भी 63 ट्रेन कैंसिल करनी पड़ी हैं। यही नहीं, कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट करने पड़े। जिनकी रेलवे की तरफ से लिस्ट भी जारी की है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि आंदोलन को 72 दिन बीत चुके हैं। जब मोर्चे को 100 दिन हो जाएंगे। उस दिन 22 मई को शंभू, खनौरी और डबवाली बॉर्डर पर लाखों की संख्या में किसान एकजुट होंगे। हरियाणा,पंजाब, हिमाचल और यूपी के किसानों से अभी से तैयारी करने की अपील की है। पंधेर ने कहा कि 1 मई को बॉर्डर पर मजदूर दिवस मनाया जाएगा। पंधेर ने कहा कि खुला चैलेंज के बाद कोई भी भाजपा नेता किसान भवन चंडीगढ़ में नहीं पहुंचा। भाजपा नेता किसानों के सवालों के जवाब देने से भाग गए। कहा कि भाजपा सरकार विकसित भारत का नारा देकर विकास के एजेंडे से भाग रही है। किसानों की रिहाई के लिए किसान सरकार को पहले भी 4 बार अल्टीमेटम दे चुके हैं। किसानों ने सरकार को 16 अप्रैल तक का समय दिया था, सरकार ने रिहाई नहीं की तो वे ट्रैक पर उतर आए।किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं।



**अंबाला।** शंभू रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर प्रदर्शन करते किसान।

## एसकेएस ने संवदेनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा मांगी

**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़**

- सर्व कर्मचारी संघ ने लिखा हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र
- आपातकालीन सेवाओं के विभागों में गंभीर पीड़ित, विकलांग व महिला कर्मियों की न लगाई जाए ड्यूटी

प्रदेश में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। जिला स्तर पर चुनावी तैयारियों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। वहीं हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल भी चुनावी गतिविधियों की समीक्षा कर रहे हैं। इसी बीच सर्व कर्मचारी संघ ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर चुनावी ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों की समस्याओं बारे अवगत कराया है।

राज्य प्रधान धर्मवीर फौगाट ने बताया कि चुनाव आयोग को लिखे पत्र में मांग की गई है कि आपातकालीन सेवाओं के विभागों के कर्मचारियों को गंभीर बीमारी से पीड़ति, विकलांग और महिला कर्मचारियों की चुनावी ड्यूटी न लगाई जाएगी। इसके साथ ही संवदेनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त व्यवस्था मुहैया कराई जाए। पोलिंग बूथ तक आने-जाने के लिए वाहनों का इंतजाम ठीक से किया जाए। चुनाव से पहले दिन व मतदान वाले दिन भोजन व ठहरने का तमाम बंदोबस्त किया जाए। इसके साथ ही ट्रेनिंग स्थलों पर समुचित सुविधाओं की व्यवस्था की जाए, इसमें पीने के पानी और भोजन आदि शामिल है। यही नहीं एसकेएस के चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में मांग की है कि एक महीना पहले जिन कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लग जाती है, उनकी ड्यूटी को चुनाव ड्यूटी माना जाए। जिन चतुर्थ श्रेणी कर्मिचारियों की चुनाव पूर्व ड्यूटी वोटिंग मशीनों की सफाई, ले जाने व लाने आदि कार्यों में लगाई जाती है, उसे भी चुनाव ड्यूटी मानते हुए उनका मेहनताना व टीए-डीए दिया जाए। संघ की ओर से यह भी मांग की गई है कि ड्यूटी पर लगाए गए कर्मचारियों की वोट डालना सुनिश्चित किया जाए, अपने ही लोकसभा क्षेत्र में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को समय पर फार्म-12 व दो दिन पहले डीसी तथा दूसरे लोकसभा क्षेत्र में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को समय पर फार्म-12ए दिया जाए, कम से कम 10 दिन पहले पोस्टल बैलेट पेपर घर या दफ्तर में पहुंचाएं जाएं ताकि ठीक समय पर पोस्टल वोट डाली जा सके। इसके साथ ही पोलिंग अधिकारी कई बार जल्दबाजी में डीसी का अलग से लिफाफा नहीं बनाते हैं, जिससे कर्मचारियों की वोट रह जाती है। इसलिए पोलिंग अधिकारी द्वारा डीसी व पोस्टल वोट का लिफाफा बनाना सुनिश्चित किया जाए।

## एशियाई ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन

**चंडीगढ़।** वर्ल्ड ताइक्वांडो द्वारा वियतनाम में प्रस्तावित एशियाई सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप के इंडिया ताइक्वांडो द्वारा भारतीय टीम का चयन कर लिया है। झुंझुनूं स्थित श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कैंपस में चले इस ट्रायल में महिला-पुरूष वर्ग में आधा दर्जन भारवर्गों के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन किया है। इंडिया ताइक्वांडो के प्रेजीडेंट नामदेव सम्पत शिरगांवकर ने बताया कि महिला वर्ग में 49 किलोग्राम से कम भारवर्ग में हरियाणा से सक्षम यादव, 53 किलो से कम भारवर्ग में चंडीगढ़ की रक्षा, 57 किलोग्राम से कम भारवर्ग में उत्तर प्रदेश की सानिया खान, 62 किलो से कम भारवर्ग में केरल की मार्गेट मैरी, 73 किलो से कम भारवर्ग में चंडीगढ़ की इतिशा व 73 किलो से अधिक भारवर्ग में असम की रूदाली बैरवा का चयन किया गया है। पुरूष वर्ग में 58 किलोग से कम में हरियाणा के प्रशांत, 63 किलो से कम में हरियाणा के अजय गिल, 68 किलोग्राम से कम भारवर्ग में एसएससीबी दिल्ली के नवीन, 74 किलोग्राम से कम भारवर्ग में दिल्ली के भूमेश, 80 किलोग्राम से कम भारवर्ग में दिल्ली के शिवांश त्यागी व 87 किलो में उत्तर प्रदेश के ऋषभ का चयन हुआ।

## बड़े मार्जिन से चुनाव जीतने के लिए बीजेपी का मंथन

- नायब सिंह सैनी और मनोहर लाल 6 मई को भरेंगे करनाल में नामांकन

**चंडीगढ़/गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर बीजेपी फुल कॉन्फिडेंस में है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जितने के रोडमैप पर बुधवार देर रात गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में भाजपा के आला नेताओं की चार घंटे तक बैठक चली, जिसमें आगामी कार्यक्रमों पर गहन मंथन किया और अब तक हुए कार्यों का फीडबैक लिया गया। लोकसभा प्रभारियों और संयोजकों के साथ हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक सुभाष बराला, संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में हर एक विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। चार घंटे तक चले मंथन के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों का रोडमैप तैयार किया गया है, 90 की 90 विधानसभाओं में रैलियां शीघ्र ही पूरी कर ली जाएंगी। वहीं पूर्व सीएम मनोहर लाल ने दावा करते हुए कहा हरियाणा में इस बार 4 जून को 11 कमल खिलने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि अभी तक 31 विजय संकल्प रैलियां हो चुकी है और बाकी बची 59 रैलियों को शीघ्र ही कर लिया जाएगा। इनकी तिथियां तय कर ली गई है। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नोमिनेशन कार्यक्रम भी शुरू होने वाले हैं उनके बारे में भी बैठक में चर्चा हुई है। बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में बताते हुए नायब सैनी ने कहा कि शक्ति केंद्र प्रवास, विधानसभा स्तर और इससे ऊपर के कार्यक्रमों की रचना व योजनाओं पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले नोमिनेशन की तिथियां भी तय कर ली गई है। श्री सैनी ने कहा कि 29 अप्रैल को पहला नोमिनेशन गुरुग्राम में होगा तथा 6 मई को करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वह स्वयं करनाल विधानसभा के लिए नोमिनेशन करेंगे। श्री सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं और जनता में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विपक्ष पर तंज कसा और चुटकी लेते हुए कहा कि हमें ताज्जुब हो रहा है कि सारा का सारा खेल वन साइड चल रहा है। हमारे सामने कोई खिलाड़ी नहीं है।

### टिकट को लेकर पूर्व सीएम के साथ वर्चस्व की जंग, लिस्ट के बाद पता चलेगा पार्टी में प्रभाव

# कैप्टन की प्रतिष्ठा से जुड़ी गुरुग्राम लोकसभा की टिकट

- टिकट की घोषणा से पार्टी में साबित होगा कद्दावर नेता का वजन

**नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी**



भूपेन्द्र हुड्डा अजय यादव राज बब्बर

कांग्रेस की गुटबाजी के चलते अभी तक लोकसभा प्रत्याशियों की सूची अटकी हुई है। कांग्रेस में प्रदेश स्तर पर दो गुट टिकटों को लेकर आमने-सामने हैं, तो अहीरवाल में कांग्रेस के सबसे कद्दावर नेता कैप्टन अजय सिंह यादव के लिए गुरूग्राम की टिकट प्रतिष्ठा का सवाल बन चुकी है। इस सीट पर प्रत्याशी की घोषणा कैप्टन के पार्टी में वजन का पैमाना साबित होगी। अगर कैप्टन या उनके पसंदीदा कांग्रेसी को टिकट मिलती है, तो उनके लिए यह हुड्डा खेमे पर बड़ी जीत से कम नहीं होगा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एसआरके गुट के बीच टिकटों को लेकर तनातनी काफी बढ़ी हुई है। कैप्टन ने दोनों गुटों से दूरी बनाई हुई है। पहले पूर्व सीएम के काफी करीब होने वाले पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव को अकेले गुरूग्राम सीट पर हुड्डा गुट से संघर्ष करना पड़ रहा है। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की टिकट के लिए आवेदन की शर्त के बाद से ही नाराज चल रहे वरिष्ठ नेता के लिए टिकट की राह मुश्किल साबित हो रही है। करीब एक साल से चुनावी तैयारी में जुटे रहने के बाद चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा ने उनकी टिकट का रास्ता मुश्किल बना दिया। चुनाव लड़ने से पीछे हटने की घोषणा करते ही पार्टी ने उनके विकल्प की तलाश शुरू की, तो सीट हाथ से निकलने की आशंका से कैप्टन एक बार फिर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो गए। उन्हें इस बात की आशंका सताने लगी कि अगर एक बार इस सीट से किसी दूसरे नेता को टिकट मिली, तो भविष्य में उनके लिए टिकट की दावेदारी का रास्ता बंद हो सकता है। कांग्रेस की गुटबाजी के बीच अगर कैप्टन टिकट हासिल करने में कामयाब होते हैं, तो हुड्डा गुट पर यह उनकी बड़ी जीत होगी। पहले हुड्डा इस सीट पर कैप्टन के विरोधी माने जाने वाले राव दान सिंह को चुनाव लड़ाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन कैप्टन के विरोध ने दानसिंह का रास्ता रोक दिया था।

#### भाजपा को टक्कर देने में सबसे सक्षम

गत लोकसभा चुनावों के परिणामों पर नजर दौड़ाई जाए, तो कैप्टन गुरूग्राम में भाजपा प्रत्याशी को टक्कर देने में सबसे सक्षम नेता नजर आ रहे हैं। पिछले लोकसभा चुनावों में वह 4.95 लाख वोट हासिल करने में कामयाब रहे थे। लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद कांग्रेस के किसी प्रत्याशी ने पहली बार इस सीट पर इतने मत हासिल किए। नूंह जिले के तीनों हलकों में उन्होंने जीत हासिल की थी। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की टिकट पर सांसद बनने वाले राव इंद्रजीत सिंह को भी जीत के बावजूद महज 2.78 लाख वोट ही मिले थे।

#### टिकट के बाद बदल सकता है रुख

पूर्व फिल्म स्टार व कांग्रेसी नेता राज बब्बर को टिकट की चर्चाओं के साथ ही भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। राव समर्थकों का मानना है कि अगर कांग्रेस राज बब्बर को मैदान में उतारती है, तो उससे राव को राज बब्बर के बाहरी होने का पूरा फायदा मिल सकता है। कांग्रेस अगर एक बार फिर से कैप्टन अजय को मैदान में उतारती है, तो वह राव को कड़ी टक्कर देने में पूरी तरह सक्षम हैं। इस सीट पर टिकट को लेकर कैप्टन की प्रतिष्ठा दांव पर नजर आ रही है।

# धर्मबहन बना दोस्त की पत्नी को भगा ले गया

### पति ने फांसी लगाकर दी जान, केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल**

बावल थानांतर्गत गांव मोहनपुर में दोस्त ने युवक की पत्नी को धर्म बहन बनाकर प्यार के जाल में फंसा लिया। वह कथित धर्म बहन को उसकी बेटी के साथ लेकर फरार हो गया। युवक ने बुधवार की रात फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। युवक के सुसाइड नोट और उसके पिता के बयान पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर लिया। लगभग 32 वर्षीय भीमसिंह की शादी वर्ष 2017 में हुई थी। उसके घर राजस्थान के हिगवाड़ा निवासी प्रतीक का आना-जाना बना रहता था। प्रतीक और भीमसिंह में दोस्ती हो गई थी। भीम सिंह के पिता इंद्रपाल के अनुसार प्रतीक ने उसकी पुत्रवधु दीपिका को अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। वह दीपिका को उसकी बेटी के साथ 18 अप्रैल की शाम प्यार के जाल में फंसाकर भगा ले गया। बावल पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पत्नी के घर से चले जाने के बाद भीमसिंह ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। बरामद सुसाइड नोट में भीमसिंह ने आरोप लगाया है कि जब उसने प्रतीक से संपर्क किया तो उसने जान से मारने की धमकी देते कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई की, तो वह उसकी पत्नी को बेच देगा।

## कंपनी निवेशकों से 18,000 करोड़ जुटाने में रही सफल

# वोडाफोन आइडिया को मिली नई जिंदगी करेगी स्मार्ट वापसी: कुमार मंगलम बिड़ला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारी कर्ज बोझ से दबी वोडाफोन आइडिया ने हाल ही में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के जरिये 18,000 करोड़ रुपये का बड़ा कोष जुटाने में सफलता हासिल की है। वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की प्रवर्तक हिस्सेदारी है।

### कंपनी 5जी सेवाओं पर ध्यान देगी

बिड़ला ने एफपीओ शेयरों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा कि दूरसंचार कंपनी अपना नेटवर्क बढ़ाने, इसे सघनता देने और चुनिंदा 5जी सेवाओं की पेशकश पर ध्यान केंद्रित करेगी।

### जुटाई रकम कारोबार में खर्च की जाएगी

चेयरमैन ने इसे वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के लिए दूसरी जिंदगी 'वीआई 2.0' की शुरुआत बताते हुए कहा कि जुटाई गई रकम का कारोबार में निवेश किया जाएगा, जिससे वृद्धि का चक्र शुरू होगा। बिड़ला ने समारोह में कहा, 'वीआई एक स्मार्ट वापसी करेगी। यह पल वीआई 2.0 की शुरुआत का प्रतीक है।'


**वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की प्रवर्तक हिस्सेदारी है**

**कंपनी ने हाल ही में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम लाया**

**वोडाफोन आइडिया भारी कर्ज के बोझ से दबी है**

आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना उसके लिए एक 'नई जिंदगी' है और यह कंपनी एक 'स्मार्ट' वापसी करने में सफल रहेगी।






*बाजार में तीन कंपनियों की मौजूदगी : यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी, बिड़ला ने सकारात्मक अंदाज में जवाब दिया। 'यह कंपनी के लिए एक तरह से नया जीवन है।' इसके साथ ही बिड़ला ने वीआईएल के लिए यहां तक का सफर सुनिश्चित करने और दूरसंचार बाजार में तीन कंपनियों की मौजूदगी बनाए रखने में मदद करने के लिए सरकार के सुधार पैकेज को भी श्रेय दिया।*

### कंपनी के पास 8000 मेगाहर्ट्ज से अधिक स्पेक्ट्रम

बिडला ने वीआई को 'राष्ट्रीय संपत्ति' बताते हुए कहा, '1.4 अरब लोगों का देश तीन निजी दूरसंचार कंपनियों का हकदार है। यह 21.5 करोड़ लोगों को सेवा देती है और उसके पास 8,000 मेगाहर्ट्ज से अधिक स्पेक्ट्रम है।' बिड़ला ने संवाददाताओं से बातचीत में इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बिक्री की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### बिडला समूह ने 1.70 लाख करोड़ किया निवेश

चेयरमैन ने कहा कि वीआई के प्रवर्तकों वोडाफोन और आदित्य बिड़ला समूह ने अब तक इसमें 1.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और पिछले पांच वर्षों में कंपनी में आए 30,000 करोड़ रुपये के निवेश में से तीन-चौथाई प्रवर्तक कंपनियों से ही आए हैं। उन्होंने कहा कि वोडाफोन आइडिया का कुल कर्ज अब 4,000 करोड़ रुपये ही रह गया है।

### कंपनी ने मुश्किल दौर पार कर लिया: खारा

इसी कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि बैंक अधिकारियों ने इस कंपनी से संबंधित मुश्किल दौर और चिंताओं को पार कर लिया है। उन्होंने दूरसंचार कंपनी में भरोसा और यकीन दर्शाने के लिए बिड़ला को श्रेय दिया।

## जेईई-मेन में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का नीलकृष्ण आल इंडिया टॉपर



**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2024 के परिणाम बुधवार रात को जारी कर दिए गए। परिणामों में एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। देर रात तक देखे गए परिणामों में एलन स्टूडेंट ने आल इंडिया टॉप किया है, इसके साथ ही टॉप-5 में एलन के 3 स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया। एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन के दो वर्ष से क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्ण ने आल इंडिया टॉप किया है। वहीं रैंक-2 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दक्षेस संजय मिश्रा व रैंक-4 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य कुमार रहे हैं। जेईई के रिजल्ट्स में एलन ने सफलता के क्रम को बरकरार रखते हुए बेहतर परिणाम दिए हैं। 100 पर्सेंटाइल ने 56 स्टूडेंट्स शामिल हुए हैं। शुरुआती परिणामों में टॉप-5 स्टूडेंट्स शामिल हैं। परीक्षा में 14 लाख 76 हजार 557 ने रजिस्ट्रेशन करवाया, इसमें से 14 लाख 15 हजार 110 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

## ऑडी जून से दो फीसदी तक बढ़ाएगी कीमतें

**नई दिल्ली।** जर्मनी की वाहन विनिर्माता ऑडी ने कच्चे माल की बढ़ती कीमत के प्रभाव को कम करने के लिए जून से भारत में अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि एक जून 2024 से बढ़ी हुई कीमतें प्रभावी होंगी।

**सूचना**

मैं, विकास पुत्र श्री रामकरण निवासी गांव किलोई खास जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी पूनम की जन्म तिथि 08.081986 दर्ज है जोकि गलत है। जबकि मेरी पत्नी की सही जन्म तिथि 15.11.1986 है। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मैं मेरी पत्नी की जन्म तिथि 15.11.1986 दर्ज करवाना चाहता हूं।

## सोना 110 रुपए टूटा, चांदी में 350 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में नरमी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 110 रुपये की गिरावट के साथ 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये बढ़कर 84,100 रुपये प्रति किलो हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 83,750 रुपये प्रति किलो था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली में हाजिर सोना कीमत 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रहा जो पिछले बंद भाव से 110 रुपये कम है।'

**कार्यालय नगर पालिका उकलाना**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका कार्यालय उकलाना में निक्का सिंह पुत्र स्वर्गीय भीरा सिंह पुत्र जेठू राम निवासी उकलाना मंडी एवं कृष्ण पुत्र स्वर्गीय रामपाल निवासी गांव बिठमडा तहसील उकलाना जिला हिसार ने कार्यालय नगर पालिका उकलाना मे प्रार्थना पत्र दिया है कि प्रार्थी की जायदाद प्रॉपर्टी आईडी 8JEQPDQ1 एवं 8J89AW57 है जो कि वार्ड नंबर 10 उकलाना जिला हिसार में स्थित है प्रार्थीगण इस प्रॉपर्टी में से हिस्सा वारिसनामा के अनुसार अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर उक्त विषय बारे किसी को कोई एतराज है तो अगना एतराज सबूत सहित लिखित रूप में 30 दिनों के अंदर-अंदर कार्यालय नगर पालिका उकलाना में जमा करवा सकते हैं इस अवधि के उपरांत कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी। इस अवधि के उपरांत पार्थी के प्रॉपर्टी आईडी सबूत के आधार पर उनके नाम कर दी जाए।

हस्ता/-सचिव
नगर पालिका उकलाना

**MUNICIPAL COMMITTEE, KALANAUR** नगरपालिका कलानौर

E-mail ID- secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in Off Tel. No. 01258-299022, 299422

**सार्वजनिक सूचना/मुनादी**

**खुली बोली सूचना**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका कलानौर अपनी कृषि योग्य भूमि को आगामी वर्ष 2024-25 व 2025-26 (02 वर्ष) के लिए पट्टे पर खुली बोली द्वारा देना चाहती है। इसके लिए दिनांक 30.04.2024 को प्रातः 11 बजे का समय निर्धारित किया गया है। पट्टे पर दी जाने वाली भूमि/किला / खसरा नं./रकबा व बाकी शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगरपालिका कलानौर कार्यालय में आकर देखी जा सकती हैं, जो भी व्यक्ति भूमि को पट्टे पर लेने का इच्छुक हो, निश्चित तिथि व समय पर नगरपालिका कलानौर के कार्यालय में उपस्थित होकर मौके का लाभ उठाए।

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका कलानौर

संवाद विज्ञा. सं. -1078/11/455/2025/26184/C/88/6 दि. 25.04.24

## बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स फिर 74,000 के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स में 487 और निफ्टी में 168 अंक की बढ़त
- बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी रही

बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स करीब 487 अंक बढ़कर एक बार फिर 74,000 अंक के पार पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी 22,550 के ऊपर बंद हुआ।

बीएसई में शुरुआती कारोबार में बिकवाली का जोर रहा लेकिन बाद में यह उबरकर बढ़त लेने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र है जिसमें बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। तेजी के इस दौर में सूचकांकों ने करीब 2.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। स्टॉक्सबॉक्स में तकनीकी एवं डेरिवेटिव विश्लेषक अवधूत बागकर ने कहा, एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों ने बाजार को कमजोर शुरुआत दी।

### एक्सिस बैंक ने लगाई छह फीसदी की छलांग

सेंसेक्स के समूह में शामिल एक्सिस बैंक ने छह प्रतिशत की लंबी छलांग लगाई। बैंक के सकारात्मक तिमाही नतीजे से उसे निवेशकों का समर्थन मिला। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, नेस्ले, सन फार्मा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएल भी बढ़त के साथ बंद हुईं।

**कोटक महिंद्रा में रही गिरावट :** रिजर्व बैंक ने आईटी मानकों का बार-बार उल्लंघन किए जाने पर कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन नए ग्राहक जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल रोक दिया है।

## धर्मार्थ न्यास के पंजीकरण आवेदन की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों के लिए कर अधिकारियों के पास पंजीकरण आवेदन जमा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ा दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों के लिए फॉर्म 10ए, फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नियत तारीख को पहले भी कई बार बढ़ाया था। इसका आखिरी बार विस्तार 30 सितंबर, 2023 तक किया गया था। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, /"ये फॉर्म जमा करने की तारीख को आगे बढ़ाने के अनुरोध पर विचार करते हुए और करदाताओं को वास्तविक परेशानियों से बचाने के लिए सीबीडीटी ने 10ए/फॉर्म 10एबी फॉर्म दाखिल करने की नियत तारीख 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है। फॉर्म 10ए उन ट्रस्ट/संस्थाओं द्वारा दाखिल किया जाने वाला आवेदन पत्र है जो आयकर छूट के लिए खुद को पंजीकृत कराना चाहते हैं।

# इंडिगो चौड़े आकार के 30 विमान खरीदेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



*इंडिगो ने 500 एयरबस दिया है ऑर्डर : कंपनी ने पिछले साल जून में एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था। यह किसी एयरलाइन द्वारा एक बार में दिया गया सबसे बड़ा ऑर्डर था।*

- कंपनी 17 साल से 350 पतले आकार के विमानों का उपयोग कर रही

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने चौड़े आकार के 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया है। कंपनी के पास ऐसे ही 70 और विमानों को खरीदने का विकल्प होगा। लगभग 17 साल से सक्रिय इंडिगो में फिलहाल 350 पतले आकार के विमानों का परिचालन होता है। हालांकि, कंपनी ने दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए तुर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर लिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर देकर वह चौड़े आकार वाले विमानों का परिचालन करने वाली कंपनियों में शामिल हो जाएगी। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स इसे 'ऐतिहासिक क्षण' बताया। इन विमानों में रॉल्स रॉयस के ट्रेंट एक्सडब्ल्यूबी इंजन होता है। इनकी आपूर्ति 2027 की शुरुआत से होने की उम्मीद है।

इंडिगो की घरेलू एयरलाइन बाजार में 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी है। कंपनी के पास एयरबस ए350 श्रेणी के 70 विमान और खरीदने के अधिकार हैं। वर्तमान में, एयर इंडिया ए350 संचालित करने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है।

## देश में वित्त वर्ष 2023-24 में एक लाख से अधिक पेटेंट जारी

**नई दिल्ली।** पेटेंट, डिजाइन तथा ट्रेडमार्क महानियंत्रक उन्नत पंडित ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में वित्त वर्ष 2023-24 में 1.03 लाख पेटेंट जारी किए गए। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) कार्यालय में 'कोई विलंब नहीं' होगा और समय पर पेटेंट आवेदनों का निपटान करना ही प्राथमिकता है। उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अनुरोध के 30 महीने के भीतर 40 प्रतिशत आवेदनों का निपटारा किया गया। पंडित ने कहा, 'हम आईपी कार्यालय में कोई देरी नहीं करेंगे... यही हमारा उद्देश्य है कि..आईपी प्रदान किया जाना चाहिए और अधिनियम के अध्याय-8 के तहत इसका उपयोग आवेदक द्वारा भी किया जाना चाहिए ...।

- बौद्धिक संपदा कार्यालय में कोई विलंब नहीं होगा

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जय प्रकाश, पुत्र स्वर्गीय आनंद,** निवासी गांव व डाकघर जसोरखेड़ी, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1028/2021, धारा 370/376/363/366/313 भा.द.सं. व 6 पॉक्सो एक्ट,** के तहत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1028/2021, धारा 370/376/363/366/313 भा.द.सं. व 6 पॉक्सो एक्ट,** के तहत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 03.06.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुशीला बाला डागर
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
DP/4871/OD/2024 कमरा नं. 210, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) नई दिल्ली**
द्वारा मान्यता प्राप्त COLLGE CODE : HR041
सरकारी शिक्षक व विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
D.Ed Spl. Ed. (IDD/HI) (द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम)
JBT/BTC/BSTC के समकक्ष
ANM 2 Year
DPT फिजियोथेरेपी 2 Year
D.Pharma एलोपैथी 2 Year
केवल RCI द्वारा निर्धारित फीस
योग्यता : 10+2 50 प्रतिशत अंको के साथ (General) एवम् 45 प्रतिशत अंको के साथ SC/ST/PH
DIRECT Admission OPEN
ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एण्ड रिहैबिलिटेशन सैन्टर
पटेल नगर, निकट शिव मन्दिर वाली गली, सोनीपत
CONTACT : 9813342781

**भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़ा (नई दिल्ली)।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य शामिल हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ऑरेकल ने किया दशक के सबसे बड़े डिविडेंड का ऐलान, शेयरों में भी जबरदस्त तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- पिछले दस सालों में यह कंपनी द्वारा दिया जा रहा सबसे बड़ा डिविडेंड

आईटी कंपनी के स्टॉक ने अपने शेयरधारकों को दशक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने का ऐलान कर मालामाल कर दिया है। आईटी सेक्टर की इस कंपनी का नाम है ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर कंपनी ने 240 रुपए के जबरदस्त डिविडेंड का ऐलान करके अपने शेयरधारकों की झोली भर दी है। ध्यान देने वाली बात ये है कि पिछले दस सालों में यह कंपनी द्वारा दिया जा रहा सबसे बड़ा डिविडेंड है। इससे पहले कंपनी ने साल 2014 में 485 रुपए के शानदार डिविडेंड का ऐलान किया था। कंपनी ने 240 रुपए के डिविडेंड के लिए 7 मई को रिकॉर्ड डेट फिक्स किया है। ऐसे में जिन शेयरधारकों के पास इस दिन तक शेयर रहेंगे केवल उन्हें ही डिविडेंड का लाभ मिल पाएगा।




### शेयरों में आई तेजी

240 रुपए के तगड़े डिविडेंड के ऐलान के बाद से इस आईटी कंपनी के शेयरों में जबरदस्त बढ़त दर्ज की गई है। कंपनी के शेयर बुधवार को 7362.65 रुपये पर बंद हुए थे। आज मुनाफावसूली के कारण कंपनी के शेयरों में 113.90 रुपए की कमी देखने को मिल रही है यह फिलहाल 7,248.75 रुपए पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में 112 फीसदी की जबरदस्त तेजी देखने को मिली है और यह एक साल में 3832.80 रुपए तक बढ़ चुके हैं।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 96 दिनांक 18.04.2024 धारा 346 भा.द.स. थाना बरोदा जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम- अशोक।
पिता का नाम चन्द्रभान।
पता - गांव मिर्जापुर खेड़ी जिला सोनीपत।
उम्र- 54 वर्ष।
कद- 5 फुट 11 ईन्च।
हुलियाः- रंग गेहुँआ, लम्बुतरा चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, सफेद-काले छोटे बाल, सिर में दाई हाथ की तरफ मच्छ निकला हुआ।
पहनावाः- सफेद रंग का कुर्ता व पायजामा पहने हुए, पैरों में स्लेटी रंग की चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 12.03.2024 को अशोक पुत्र चन्द्रभान वासी गांव मिर्जापुर खेड़ी जिला सोनीपत बिना किसी को कुछ भी बताए कहीं पर चला गया है। जो अब तक घर वापिस नही आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त के बारे में कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. नं.-7419410546,
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 8168716034
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत। Dt. 24-04-24

पीआरडीएच-1084/11/2311/2025/26185/88/6 दि. 25.04.24

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5493




**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5492 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप




जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

# टी20 विश्व कप : राहुल बनाम संजू, आवेश-बिश्नोई या अक्षर, हार्दिक का फॉर्म चिंता का कारण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिए संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरुआत में टीम का ऐलान कर सकता है।



### पंत की जगह पक्की

आईपीएल में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल (141 स्ट्राइक रेट से 302 रन) और संजू सैमसन (152 स्ट्राइक रेट से 314 रन) के बीच मुकाबला है।

### पंड्या का लचर प्रदर्शन

*पंड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सके हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है। वैसे पंड्या के अलावा कोई विकल्प भी नजर नहीं आता क्योंकि शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। कौशल और रफ्तार के मामले में गेंदबाजी में दुबे कहीं भी पंड्या के समकक्ष नहीं हैं लेकिन बल्लेबाजी में वह शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।*



### फार्म में बुमराह

गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। वैसे बुमराह और कुलदीप को छोड़कर बाकी गेंदबाज आईपीएल में फॉर्म में नहीं है लिहाजा अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम होगा।

### आवेश के नाम 8 विकेट

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है। आवेश ने करीब नौ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं जबकि बिश्नोई ने नौ के भीतर की इकॉनॉमी रेट से पांच विकेट चटकाए हैं। अक्षर ने सात विकेट लिए हैं और उनकी इकॉनॉमी रेट सात के आसपास रही है। वह बल्लेबाजी में भी 132 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### विवाद सुलझाए नहीं तो निलंबन झेले पीएचएफ

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और देश में खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक अपने विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी थी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अधिकारी के अनुसार एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है कि दोनों धड़ों के बीच विवाद सरकार की मदद से गुरुवार खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। पीएचएफ को लिखे पत्र में एफआईएच ने 25 अप्रैल की समय सीमा दी थी।

### हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर



**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि 'इंपैक्ट खिलाड़ी' के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। अक्षर ने कहा, 'एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हर टीम यह सोचकर उतरती है कि उसके पास छह बल्लेबाज या गेंदबाज हैं। इससे कई बार कन्फ्यूजन भी हो जाता है।'

### रिजवान का इंग्लैंड दौरे पर जाना संदिग्ध

**लाहौर।** पाकिस्तान के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान का मई में आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर जाना संदिग्ध है क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में भी वे फिटनेस कारणों से बाहर रहे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि रिजवान और युवा बल्लेबाज इरफान खान नियाजी को फिटनेस कारणों से न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी दो मैचों के लिए नहीं चुना गया है।

## कोहली-रजत की फिफ्टी, कर्ण-स्वप्निल और ग्रीन को 2-2 विकेट

# पाटीदार व स्पिनरों की मदद से आरसीबी ने छह मैच की हार का सिलसिला तोड़ा

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रजत पाटीदार के विस्फोटक अर्धशतक और स्पिनरों के एकजुट प्रयास से गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर 35 रन से जीत दर्ज की। इससे आरसीबी का छह मैच की हार का सिलसिला खत्म हो गया। रजत पाटीदार (20 गेंदों में 50 रन) की विस्फोटक पारी और विराट कोहली (43 गेंदों में 51 रन) की संयमित अर्धशतकीय पारी से आरसीबी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 206 रन का स्कोर खड़ा किया। इस सत्र में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह लक्ष्य ज्यादा बड़ा नहीं था। लेकिन फॉर्म में चल रहा बल्लेबाजी लाइन अप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका जिससे टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी। आरसीबी को इस परिणाम की जरूरत थी जिसे अपने पहले आठ मैच में से सात में हार का सामना करना पड़ा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की यह आठ मैच में तीसरी हार थी। पहली पारी में स्पिनरों के दबदबे को देखते हुए आरसीबी ने कामचलाऊ ऑफ स्पिनर विल जैक्स से गेंदबाजी की शुरुआत की। इंग्लैंड के इस क्रिकेटर ने शानदार फॉर्म में चल रहे विस्फोटक ट्रेविस हेड (तीन गेंद में एक रन) को थर्ड मैन पर कैच कराकर आरसीबी को बड़ी सफलता दिलायी। हेड के साथी सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा (13 गेंद में 31 रन) ने घरेलू दर्शकों का मनोरंजन किया लेकिन स्लॉग शॉट के प्रयास में विकेटकीपर दिनेश कार्तिक के हाथों आउट हो गये। आरसीबी में पदार्पण कर रहे बायें हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह ने अपने पहले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका के खतरनाक क्रिकेटर मार्कराम और क्लासेन की जोड़ी को आउट कर दो विकेट झटक लिये।

**बेंगलुरु-206/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कोहली का समद बो उनादकट | 51 |
| डुप्लेसी का मार्कराम बो नटराजन | 25 |
| विल जैक्स बो मार्कंडेय | 06 |
| पाटीदार का समद बो उनादकट | 50 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 37 |
| लोमरोर का कमिंस बो उनादकट | 07 |
| कार्तिक का समद बो कमिंस | 11 |
| स्वप्निल का अभिषेक बो नटराजन | 12 |

अतिरिक्त : 07
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 206 रन
विकेट पतन : 1-48, 2-65, 3-130, 4-140, 5-161, 6-193, 7-206
गेंदबाजी: अभिषेक 1-0-10-0, भुवनेश्वर 1-0-14-0, कमिंस 4-0-55-1, नटराजन 4-0-39-2, शाहबाज 3-0-14-0, मयंक 3-0-42-1, जयदेव उनादकट 4-0-30-3

**हैदराबाद-171/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का कार्तिक बो दयाल | 31 |
| हेड का कर्ण शर्मा बो जैक्स | 01 |
| ऐडन पगबाधा बो स्वप्निल सिंह | 07 |
| नीतिश रेड्डी बो कर्ण शर्मा | 13 |
| हेनरिच का ग्रीन बो स्वप्निल | 07 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 40 |
| अब्दुल का एवं बो कर्ण शर्मा | 10 |
| पैट कमिंस का सिराज बो ग्रीन | 31 |
| भुवनेश्वर का सिराज बो ग्रीन | 13 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 08 |

अतिरिक्त : 10
कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन
विकेट पतन : 1-3, 2-37, 3-41, 4-56, 5-69, 6-85, 7-124, 8-141
गेंदबाजी: विल 2-0-23-1, सिराज 4-0-20-0, दयाल 3-0-18-1, स्वप्निल 3-0-4-0, कर्ण शर्मा 4-0-29-2, लॉकी 2-0-28-0, कैमरन ग्रीन 2-0-12-2

### खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब को नाइट राइडर्स आज देगी कड़ी चुनौती

**कोलकाता।** खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर फिलहाल दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है। पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176 . 54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184 . 52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं। अय्यर को छोड़कर सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं जिसकी वजह से शाहरुख खान की टीम सात मैचों में चार बार 200 से अधिक का स्कोर बना सकी है।

## एकता व रणवीर ने स्टीपलचेस में स्वर्ण जीते, अनुराग को गोला फेंक में गोल्ड

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

रणवीर सिंह और एकता डे ने गुरुवार को दुबई में एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये जिससे भारतीयों ने इस प्रतियोगिता में दबदबा कायम रखा। इससे भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या तीन हो गयी। एकता ने 10:31.92 सेकेंड के समय से जबकि रणवीर ने 9:22.62 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। अनुराग सिंह कलेर ने इससे पहले पुरुषों के गोला फेंक स्पर्धा में 19.23 मीटर की दूरी से स्वर्ण पदक जीता। इस तरह भारतीयों ने गुरुवार को कुल सात पदक अपनी झोली में डाले। सुबह के सत्र में पैदल चाल एथलीट आरती ने महिलाओं की 10,000 मीटर में कड़े मुकाबले में कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। आरती का 47:45.33 सेकेंड का समय विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के 49 मिनट के क्वालीफिकेशन समय से बेहतर रहा। फिर थ्रो एथलीट ने एक स्वर्ण सहित तीन पदक हासिल किये। कलेर को दक्षिण कोरियाई पार्क सिहून से कड़ी चुनौती मिली। लेकिन वह तीसरे प्रयास में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। उनका शुरुआती थ्रो 18.44 और उनका दूसरा प्रयास 18.69 मीटर का रहा। चौथे और पांचवें में कोई अंक नहीं जबकि छठा और अंतिम थ्रो 18.79 मीटर का था। सिहून ने भी 19.23 मीटर की दूरी का थ्रो फेंका लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा क्योंकि प्रतियोगिता में भारतीय एथलीट का औसत बेहतर था। गत चैम्पियन सिद्धार्थ चौधरी ने दूसरे प्रयास में 19.02 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।अमानत कंबोज ने टीम की तालिका में एक रजत पदक जोड़ा। उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 50.45 मीटर का था। अमन चौधरी ने 47.53 सेकेंड के समय से पुरुषों की 400 मीटर में कांस्य जीता।

## पैरा निशानेबाजी विश्व कप में मोना ने स्वर्ण और आमिर ने रजत पदक जीता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पैरा निशानेबाज मोना अग्रवाल ने गुरुवार को कोरिया के चांगवोन में डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि सेना के अमीर अहमद भट्ट ने 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया। मोना ने फाइनल में 250.8 अंक के स्कोर के साथ आर2 -10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। पिछले महीने नयी दिल्ली में विश्व कप में इसी प्रतियोगिता में जीत के बाद यह उनका साल का दूसरा विश्व कप खिताब था। नयी दिल्ली में उन्होंने पैरालंपिक कोटा हासिल किया था। स्लोवाकिया की वेरोनिका वाडोविकोवा (250) और स्वीडन की निशानेबाज अन्ना बेन्सन (228.8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। दो बच्चों की मां 37 वर्षीय मोना फाइनल में अच्छी लय में दिखीं। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 625.5 अंक हासिल कर पांचवां स्थान हासिल किया था। दिसंबर 2021 में निशानेबाजी शुरू करने से पहले मोना ने गोला फेंक और पावरलिफ्टिंग में राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया था।

### रिकर्व पुरुष टीम ने फाइनल में बनाई जगह

**शंघाई।** भारत के तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरुषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने इटली को 5-1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा। कोरियाई टीम ने टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं।

*इंडिया ताइक्वांडो के 10 दिवसीय कैंप में चुने गए खिलाड़ी*

## एशियाई ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का हुआ चयन

- दिल्ली और हरियाणा के 3-3 चंडीगढ़ व उत्तर प्रदेश के 2-2 खिलाड़ी करेंगे देश का प्रतिनिधित्व



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड ताइक्वांडो द्वारा वियतनाम में प्रस्तावित एशियाई सीनीयर ताइक्वांडो चैंपियनशिप के इंडिया ताइक्वांडो द्वारा भारतीय टीम का चयन कर लिया है। झुंझुनूं स्थित श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कैंपस में दो दिन तक चले इस ट्रायल में महिला-पुरूष वर्ग में आधा दर्जन भारवर्गों के लिए 12 खिलाडियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी मई के दूसरे सप्ताह में वियतनाम में होने वाली चैंपियनशिप में देश का नेतृत्व करेंगे। आज यहां जानकारी देते हुए इंडिया ताइक्वांडो के प्रेजीडेंट नामदेव सम्पत शिरगांवकर एवं श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के प्रेजीडेंट डॉ डीएस ढुल ने बताया कि 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में इंडियन टीम के लिए प्रशिक्षण व ट्रायल कैंप का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय ट्रायल के दौरान महिला व पुरूष वर्ग के छह-छह भारवर्गों में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाडियों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके आधार पर महिला वर्ग में 49 किलोग्राम से कम भारवर्ग में हरियाणा से सक्षम यादव, 53 किलोग्राम से कम भारवर्ग में चंडीगढ़ की रक्षा, 57 किलोग्राम से कम भारवर्ग में उत्तर प्रदेश की सानिया खान, 62 किलोग्राम से कम भारवर्ग में केरल की मार्गेट मैरी, 73 किलोग्राम से कम भारवर्ग में चंडीगढ की इतिशा दास व 73 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में असम की रूदाली बैरवा का चयन किया गया है। इसी प्रकार पुरूष वर्ग में 58 किलोग्राम से कम भारवर्ग में हरियाणा के प्रशांत, 63 किलोग्राम से कम भारवर्ग में हरियाणा के अजय गिल, 68 किलोग्राम से कम भारवर्ग में एसएससीबी दिल्ली के नवीन, 74 किलोग्राम से कम भारवर्ग में दिल्ली के भूमेश, 80 किलोग्राम से कम भारवर्ग में दिल्ली के शिवांश त्यागी व 87 किलोग्राम से कम भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के ऋषभ का चयन हुआ।इंडिया ताइक्वांडो के प्रेजीडेंट नामदेव सम्पत शिरगांवकर ने बताया कि वियतनाम में 15 मई से 18 मई तक होने वाली एशियन सीनीयर ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों का चयन किया गया है, जो देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के प्रेजीडेंट डॉ डीएस ढुल का कैंप के लिए राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी कुलसचिव डॉ अजीत कुमार, खेल बोर्ड सचिव डॉ अरूण कुमार व इंडिया ताइक्वांडो राजस्थान के महासचिव शहजाद खान उपस्थित रहे।

### बिस्माह ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**कराची।** एक चौकाने वाले फैसले में पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर और पूर्व कप्तान बिस्माह मारुफ ने गुरुवार को तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 32 वर्ष की बिस्माह ने 2020 में फिटनेस कारणों से और 2021 में बेटी के जन्म के बाद क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था। बाएं हाथ की बल्लेबाज बिस्माह ने भारत के खिलाफ 2006 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था और पाकिस्तान के लिए 276 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने 2009 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने 33 अर्धशतक समेत 6262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और लेग स्पिन गेंदबाजी से 80 विकेट लिए।बिस्माह ने 50 ओवरों के चार विश्व कप (2009, 2013, 2017 और 2022) खेले और 2022 में टीम की कप्तान भी रहीं। उन्होंने टी20 क्रिकेट में 2009 से 2023 के बीच आठ विश्व कप खेले और 2020 तथा 2023 में टीम की कप्तान रहीं।


**GLOBAL HORIZON HOLDINGS PVT LTD.**
Project name: Flora Avenue - 33, Village Dhunela, Sector - 33, Sohna, Gurgaon - 122103
License No. 58 of 2019 / 88 of 2022

उन आवेदकों की सूची जिन्होंने मांग की तारीख से 15 दिनों के बाद उन्हें जारी नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया है। निम्नलिखित आवेदकों को इस रद्दीकरण को रोकने के लिये इस विज्ञापन के माध्यम से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करने के लिये सूचित किया जाता है। सभी आवेदकों जिनके भुगतान निश्चित समय के भीतर प्राप्त नहीं किये जाते हैं, उन्हें आवंटित फ्लैटों का दीनदयाल जन आवास योजना 2016 के अनुसार आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

| Form No. | Flat no. | Floor | Form No. | Flat no. | Floor |
|---|---|---|---|---|---|
| 00049 | A1 - 01 | 4th | 00079 | E - 05 | Ist |
| 00082 | G - 01 | 3rd | 00158 | E - 05 | 2nd |
| 00080 | G - 01 | 4th | 00187 | A -29A | 3rd |
| 00154 | E - 06 | Ist | | | |

नोटः पहले ही भुगतान किये जाने पर सावधानी से अनदेखा करें।

Registered Office: P903-905, C Wing, 9th floor, JMD MEGAPOLIS, Sector-48, Sohna Road, Gurugram-122018
Ph: 0124 2659076 / 77 / 78 CIN: U70101DL2014PTC263654


सत्रह वर्ष के गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया

# कैंडिडेट्स चैंपियन गुकेश का चेन्नई पहुंचने पर भव्य स्वागत

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रचने वाले युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गुकेश के स्कूल वेलाम्मल विद्यालय के सैकड़ों छात्र उनकी उड़ान के पहुंचने के एक घंटे पहले ही से कतार बनाकर हवाई अड्डे पर खड़े थे। उनके अलावा भारी संख्या में प्रशंसक भी मौजूद थे। सत्रह वर्ष के गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया। उन्हें फूलों की मालाएं पहनाई गई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

गुकेश ने हवाई अड्डे पर मीडिया से कहा, 'मुझे घर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह खास उपलब्धि है। मैं शुरू से ही अच्छा खेल रहा था और मुझे जीत का यकीन था। किस्मत ने भी मेरा साथ दिया। यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने लोग शतरंज देखते हैं। मैं तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद देता हूं। मैं अपने अप्पा, अम्मा, कोच, दोस्तों, परिवार, प्रायोजक और स्कूल को भी धन्यवाद दूंगा।' गुकेश की मां पद्मा अपने परिजनों के साथ उन्हें लेने आई थी। गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन रजनीकांत ने उनकी तैयारियों के लिए अपनी प्रेक्टिस छोड़ दी थी और उनके साथ टोरंटो गए थे।

### आनंद को दिया श्रेय

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके करियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते। आनंद ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कॅरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते।' गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है।


**उत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी -03/2024-25 दिनांक 24.04.2024

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (₹) | बोली प्रतिभूति (₹) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विद्युत-08/2024-25 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल में सहारनपुर, जगाधरी वर्कशॉप, अंबाला चंडीगढ़ और कालका में 03 वर्ष की अवधि के लिए किराये के आधार पर डेजर्ट कूलर के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | रु. 2762842.50 | रु. 55300.00 | 36 महीने | 15.05.2024 |
| 2 | 30-विद्युत-09/2024-25 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल में बठिंडा, धूरी, राजपुरा, सरहिंद और नंगलडैम में 03 वर्ष की अवधि के लिए किराए के आधार पर डेजर्ट कूलर के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | रु. 2221325.37 | रु. 44400.00 | 36 महीने | 15.05.2024 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

1234/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# चुनाव आचार संहिता का पालन करें प्रत्याशी

जैसे-जैसे आम चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे नेताओं के बोल बिगड़ने लगे हैं। पहले चरण के प्रचार के दौरान नेता एक दूसरे दल पर प्रहार कर रहे थे, दूसरे चरण आते आते नेता नफरती बोल बोलने लगे हैं। आज जब देश में 13 राज्यों के 88 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान हो रहा है, केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी को अपने भाषणों में नफरती व विभाजनकारी शब्दों के इस्तेमाल के लिए नोटिस भेजा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, मोदी ने राजस्थान में व राहुल ने केरल में असंयमित भाषा का इस्तेमाल किया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 77 के तहत जारी किया है। चुनाव आयोग को मिली शिकायत में कहा गया है कि 'ये नेता धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।' भाजपा व कांग्रेस के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा है। यूं तो अतीत में आम चुनाव के दौरान नेताओं ने अनेक बार अपने विरोधी दलों व नेताओं के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है, और उन पर चुनाव आयोग ने एक्शन भी लिया है। लेकिन चिंता की बात यह है कि चुनावों के दौरान नेता संयमित नहीं रहते हैं। आयोग के एक्शन का कोई फर्क नहीं पड़ता है। संसाधन बांटने की बात भी अतिश्योक्ति है और एक झटके में गरीबी खत्म होने की बात भी। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। संयुक्त राष्ट ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि करी 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। गरीबी उन्मूलन एक सतत प्रक्रिया है, इसे एक झटके में खत्म नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान कांग्रेस नेता डा. मनमोहन सिंह ने ही कहा था कि उनकी सरकार के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। ऐसे में राहुल की ओर से एक झटके में गरीबी खत्म करने की बात कहना तार्किक नहीं है। अगर ऐसा है तो कांग्रेस का शासन करीब पांच दशक तक रहा है, फिर देश से गरीबी खत्म क्यों नहीं हुई? निर्वाचन आयोग का कहना है कि 'अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी चाहिए, ऊंचे पद पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।' ऐसे में स्टार प्रचारकों में शामिल बड़े नेताओं को अपने भाषणों के दौरान नापतौल कर बोलना चाहिए। देश में लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं। इन्हें 1951 में बनाए गए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में परिभाषित किया गया है। इनमें एक हिस्सा चुनावी आचार संहिता का है। चुनाव के समय हर प्रत्याशी को इसका पालन करना होता है। किसी भी जगह आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर चुनाव आयोग एक्शन लेता है। चुनावों में किसी भी प्रकार के भ्रष्ट आचरण, आपराधिक गतिविधि, विवादित व अमर्यादित भाषण देने वालों के खिलाफ ठोस एक्शन होना ही चाहिए। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत 1975 में इंदिरा गांधी पर, 2006 में सोनिया गांधी पर, 2014 में जयललिता पर, 2017 में नरोत्तम मिश्रा पर कड़ा एक्शन लिया गया था। नेताओं को चाहिए कि वे आचार संहिता का पालन करें और लोक प्रतिनिधत्व कानून का सम्मान करें।



आम चुनाव
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# मताधिकार का बढ़चढ़ कर करें प्रयोग

> चुनाव प्रजातंत्र का सर्वश्रेष्ठ उत्सव है। चुनाव; मुद्दों, व्यक्ति व नीतियों को लेकर लड़े जाते हैं। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में अनेक मुद्दे हावी हैं, लोकसभा चुनाव लड़ रहे दलों ने अपनी नीतियों को घोषणा पत्र के रूप में नागरिकों के सामने रखा है। चेहरा के तौर पर राजग का चेहरा एक बार फिर नरेंद्र मोदी हैं, तो कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी हैं। यदि कहें तो यह चुनाव भाजपा बनाम कांग्रेस है तो मोदी बनाम राहुल हैं। यह चुनाव गारंटी बनाम न्याय है तो बहुमत बनाम गठबंधन है। लेकिन इस चुनाव में कम मतदान चिंता का विषय है। चुनाव अंत्योदय का प्रतीक हैं, जिसमें जाति, धर्म, सामाजिक असमानता आदि से ऊपर उठ कर, हर जन को अपनी इच्छानुसार वोट डालना चाहिए।

पहले चरण का चुनाव 19 मई को हो चुका है, दूसरे चरण का चुनाव आज 26 मई को है। पहले चरण में आनुपातिक रूप से अपेक्षाकृत कम मतदान चिंता का विषय जरूर है, लेकिन दूसरे चरण में बढ़चढ़कर मतदान की उम्मीद है। चुनाव भारत के राजनीतिक प्रजातंत्र का सर्वश्रेष्ठ उत्सव है। चुनाव; मुद्दों, व्यक्ति व नीतियों को लेकर लड़े जाते हैं। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में अनेक मुद्दे हावी हैं, लोकसभा चुनाव लड़ रहे दलों ने अपनी नीतियों को घोषणा पत्र के रूप में नागरिकों के सामने रखा है। चेहरा के तौर पर राजग का चेहरा एक बार फिर नरेंद्र मोदी हैं, तो कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी हैं। यदि कहें तो यह चुनाव भाजपा बनाम कांग्रेस है तो मोदी बनाम राहुल हैं। यह चुनाव गारंटी बनाम न्याय है तो बहुमत बनाम गठबंधन है। लेकिन इस चुनाव में कम मतदान चिंता का विषय है।
लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हो गया, अब 88 सीटों पर आज है। दूसरे चरण में 13 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं। उम्मीद है चुनाव पहले की तरह इस चरण में भी कमोबेस शांतिपूर्ण होंगे। दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी की है और शतप्रतिशत मतदान की अपील की है। यह प्रजातंत्र के लिए महत्वपूर्ण संकेत है कि राजनैतिक दलों की कड़ी नोकझोंक के बावजूद, भारतीय जनमानस ने अपने वोट के अधिकार का प्रयोग किया है। आरोप-प्रतिरोप तो चुनावों में लगाये ही जाते हैं! मुख्य रूप से चुनाव मुद्दों से हटकर, व्यक्ति विशेष पर आधारित हो रहे हैं। कांग्रेस, भाजपा, व अन्य दलों में आया-राम व गया-राम का सिलसिला चलता रहा। फ़िर वोटिंग मशीन की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 'बंपर वोटिंग' हुई। चुनावी अखाड़े में लड़ाई, मुख्य रूप से एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन की है। पहले फेज़ में नरेंद्र मोदी सरकार के 8 मंत्रियों की किस्मत दांव पर लगी है। चुनाव आयोग की डेटशीट के अनुसार, चुनाव 7 चरणों में होंगे जिसके नतीजे 4 जून, 2024 को आयेंगे। पहले चरण में पश्चिम बंगाल समेत कुछ स्थानों पर हिंसा की कुछ छुट-पुट घटनाएं सामने आईं। वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से, सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। पहले चरण के चुनाव के बाद जो फीडबैक मिला है, उससे साफ है कि देश की जनता पूरी गंभीरता व दृढ़ता के साथ प्रजातांत्रिक प्रणाली में विश्वास रखती है। कांग्रेस के 'नफ़रत या प्यार की दुकान', नारे समान रूप से प्रभावी होते नजर नहीं आए।
पहले चरण में मणिपुर के कुछ जिलों से कुछ घटनाओं की सूचना को छोड़कर मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। ईवीएम को कुछ नुकसान पहुंचाने, कुछ आपराधिक धमकी देने या किसी द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करने की कुछ रिपोर्टें भी मिली हैं। पश्चिम बंगाल में मतदाताओं में खूब जोश दिखा। उत्तर प्रदेश में आठों लोकसभा सीटों पर पहले चरण के लिए मतदान हुआ। असम में 60.70 %, बिहार में 39.73%, छत्तीसगढ़ में 58.14 %, मध्य प्रदेश में 53.40 % मतदान हुआ है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री



और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम पहले चरण की चारों सीट जीत रहे हैं। लोग बढ़ चढ़ कर वोट डाल रहे हैं। मौजूदा सरकार से लोग गुस्से में हैं। बिहार इस बार चौंकाने वाले परिणाम देगा।दावों की सच्चाई का पता चुनाव परिणाम आने के बाद लगेगा।
मुख्य चुनाव आयुक्त सीएसई, राजीव कुमार ने युवाओं से मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्स लेने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'आप आनंद महसूस करेंगे, ये मेरी गारंटी है'। पहले चरण के लिए मतदान केंद्रों पर मॉक पोल की कार्रवाई की गई। अब दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। पहले चरण के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग ज़रूर करें। विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, कि वे ऐसा मौका जाने न दें, वो अवश्य वोट करें। एमएनएम प्रमुख, कमल हासन ने चेन्नई में अपना वोट डाला। नितिन गडकरी ने कहा, हमें मतदान करना चाहिए, यह हमारा मौलिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी है। मैं 101% आश्वस्त हूं कि मैं अच्छे अंतर से चुनाव जीतूंगां२। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी वोट डाला। उत्तराखंड में एक नवविवाहित जोड़े ने आम चुनाव के लिए पौढ़ी गढ़वाल के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। उधम सिंह नगर में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मतदान किया। पुडुचेरी के लोकतंत्र में हर वोट कीमती और हर आवाज का महत्त्वपूर्ण है। इन सभी सीटों के मतदाताओं से मेरा आग्रह है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनाएं। पहली बार वोट देने जा रहे अपने युवा साथियों से मेरी यह विशेष अपील है कि वे भारी संख्या में मतदान करें। लोकतंत्र में हर वोट कीमती है और हर आवाज का महत्त्व है। आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि यह देखकर बहुत उत्साह है कि युवा मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतान्त्रिक प्रणाली में हिस्सा लिया। युवाओं के बीच बहुत सारी जागरूकता गतिविधियां की हैं ताकि अगर किसी भी तरह की उदासीनता हो, तो वे निराश न हों। इस बार हमारे युवा मतदाता न केवल अकेले आने वाले हैं, बल्कि उनसे अपील कई गई है कि वे देश के राजदूत बनें, हमारे प्रभावशाली व्यक्ति बनें- जितना संभव हो उतने दोस्तों, परिवार के सदस्यों को मतदान केंद्र पर लाएँ और उस उत्सव का आनंद लें। अपनी सरकार चुनने की ज़िम्मेदारी महसूस करें। हर नागरिक को चाहिए कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पहले चरण में वर्ष 2019 के पहले चरण के अनुपात में इस बार करीब चार फीसदी कम मतदान हुआ है, इसलिए चुनाव आयोग की कोशिश है कि दूसरे चरण और इआगे के चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़े। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी राज्य के 102 सीटों पर चुनाव हुए हैं। इस बार भी 13 राज्यों में होंगे, जिसमें मत प्रतिशत बढ़ना चाहिए। युवाओं को आगे आना चाहिए। सारांशाार्थ यह कहना उचित होगा कि, चुनाव अंत्योदय का प्रतीक हैं, जिसमें जाति, धर्म, सामाजिक असमानता आदि से ऊपर उठ कर, हर जन को अपनी इच्छानुसार वोट डाल कर अपने जन प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार प्राप्त है। यही भारत के संविधान का मुख्य सार है। इसलिए नागरिकों को अपने चुनने के अधिकार का उपयोग करना चाहिए।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति
उमेश चतुर्वेदी



# नक्सलवाद बन सकेगा मुद्दा

चुनावी माहौल में स्थानीय वोटरों के दिल को छूने और उनकी जिंदगी को बदलने वाले मुद्दों को उछालने में राजनीतिक दलों की कोई सानी नहीं है। नक्सली असर वाले छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में गृहमंत्री अमित शाह ने सिर्फ नक्सलियों की चुनौती नहीं दी, बल्कि चुनावी मुद्दा भी बनाने की कोशिश की। चुनावी सभा में अमित शाह ने नक्सलियों से कहा कि या तो समर्पण कर दो या फिर गोली खाने को तैयार रहो। अमित शाह का यह बयान सिर्फ नक्सलियों की चुनौती नहीं, बल्कि नक्सल प्रभावित इलाके के वोटरों को बीजेपी के खिलाफ गोलबंद करने की कोशिश है। आमतौर पर सत्ताधारी दल के बयानों की काट विपक्षी दल खोज लेते हैं, लेकिन नक्सलवाद ऐसा मुद्दा है, जिस पर विपक्ष सत्ताधारी दल के बयान का आसानी से विरोध नहीं कर पाते।


केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सात राज्यों के पैंतीस जिले ऐसे हैं, जहां नक्सलियों का असर है। इन जिलों की करीब पचास लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन्हें नक्सल प्रभावित माना जाता है। इनमें से बिहार की चार सीटों के साथ ही मध्य प्रदेश के बालाघाट, छत्तीसढ़ के बस्तर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पहले दौर में ही यानी 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। लेकिन अब भी झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कई ऐसी लोकसभा सीटें हैं, जहां वोटिंग होनी है। छत्तीसगढ़ के कांकेर में अमित शाह का नक्सलियों से जुड़ा बयान एक तरह से इन इलाकों के वोटरों को लुभाने की कोशिश है। चूंकि पहले दौर के मतदान के ठीक पहले 16 अप्रैल को 29 नक्सली मारे गए थे। पहले दौर के मतदान के ठीक दो दिन बाद यानी 18 अप्रैल को भी छत्तीसगढ़ में दो नक्सली मारे गए। इन वजहों से केंद्र सरकार के पास इस मुद्दे पर कहने को बहुत कुछ है। हालांकि सोलह अप्रैल को हुए नक्सली मुठभेड़ के बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दबे स्वर में मुठभेड़ पर सवाल उठाए थे। जिसका राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विरोध किया। राज्य में इस बयान को सुरक्षा बलों का मनोबल गिराने वाला बताया जाने लगा। मामला जब तूल पकड़ा तो कांग्रेस को बघेल के बयान पर सफाई देनी पड़ी। शायद यही वजह है कि बीजेपी नक्सलवाद के सफाये के अपने संकल्प के मुद्दे को नक्सल प्रभावित इलाकों में चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। उसे लगता है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस या उसके विरोधी दल आक्रामक जवाब नहीं दे पाएंगे।

नक्सली असर वाले झारखंड और ओडिशा में 13 मई से 2 जून के बीच चार चरणों में चुनाव होने हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में तेरह मई को ही वोटिंग होनी है। झारखंड में जहां 14 लोकसभा सीटें हैं, वहीं ओडिशा में 21 लोकसभा की सीटें आती हैं। आंध्र प्रदेश में जहां 25 लोकसभा सीटें हैं, वहीं तेलंगाना में 17 सीटें हैं। झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना में जहां बीजेपी अपने दम पर चुनावी मैदान में है, वहीं आंध्र प्रदेश में वह तेलुगू देशम पार्टी और जनसेना पार्टी के साथ चुनाव लड़ रही है। इस बार बीजेपी को ओडिशा और तेलंगाना से ज्यादा उम्मीदें हैं। वहीं इंडिया गठबंधन के दल बीजेपी को झारखंड और आंध्र में ही चुनौती दे रहे हैं। जबकि ओडिशा में उसका मुकाबला बीजद से है तो आंध्र प्रदेश में उसके सामने वाईएसआर कांग्रेस और कांग्रेस से अलग-अलग चुनौती है। चूंकि नक्सल प्रभावित राज्यों के 77 सीटों पर मतदान बाकी है, इसलिए बीजेपी नक्सलवाद को मुद्दा बना रही है। नक्सल प्रभावित राज्यों के चुनावी अभियान में नक्सलवाद के सफाए को वह बार-बार तूल दे रही है। झारखंड में भी जब प्रचार अभियान तेज होगा तो बीजेपी इस मुद्दे को तूल देगी। वह बताने की कोशिश करेगी कि कांग्रेस की अगुआई में चले शासन वाले दशक 2004-14 की तुलना में मोदी के शासन वाले 2014-23 के दशक में वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी हिंसा में कमी आई है। इस दौरान नक्सली हिंसा में होने वाली मौतों की संख्या में 69 फीसद की कमी आई है। जो 6,035 से घटकर 1,868 हो गई है।

जहां तक झारखंड की बात है तो यहां के मौजूदा गठबंधन की ओर से अपने प्रचार अभियान में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाने पर जोर दे रहा है। रांची में हुई रैली में भी नक्सलवाद पर नियंत्रण को लेकर कोई बात नहीं हुई। यह सच है कि नक्सलवाद से मुकाबले में केंद्र सरकार की नीतियों और कार्रवाई की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन राज्य सरकार और राज्य के बलों के बिना स्थानीय मुकाबले संभव नहीं है। यह सच है कि नक्सली हिंसा पर प्रभावित इलाकों में काफी काबू पाया जा चुका है। 2023 में नक्सल प्रभावित राज्यों की सुरक्षा हालत की समीक्षा के बाद एक हाई पावर कमेटी बनाई गई थी। इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को नक्सलवाद के सफाये का आदेश दिया था। माना जा रहा है कि केंद्रीय नीतियां जमीनी स्तर पर प्रभावी हुई हैं। फलस्वरूप नक्सली हिंसा में कमी आई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## निंदा का परित्याग



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पुस्तकों का बढ़ता महत्त्व

23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस बहुत से देशों में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 23 अप्रैल 1995 को यूनेस्को में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर के मुख्य लेखकों को सम्मान देना और जो लेखक दुनिया को अलविदा कह गए हैं, उन्हें श्रद्धांजलि देना भी है। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य लोगों की पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना और साक्षरता दर बढ़ाना भी है। इस दिवस के आयोजन में मुख्य तौर पर विभिन्न प्रकाशक, शिक्षक, लेखक और पुस्तकों से किसी न किसी रूप से जुड़े लोग शामिल होते हैं। आज इंटरनेट का जमाना है, लेकिन आज भी पुस्तकों का बहुत महत्व है। खासतौर पर धर्म, संस्कृति और अन्य प्राचीन इतिहास की जानकारी जितनी हमें पुस्तकों से मिल सकती है, उतनी शायद इंटरनेट पर न प्राप्त हो पाए।

*– सचिन शर्मा, धमतरी*

## करंट अफेयर

### वर्ष 2023 में 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को हुए मजबूर

वर्ष 2023 में 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हुए और युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने बुधवार को 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में इसकी जानकारी दी।



रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा, जिसकी वजह विशेषतौर पर गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। खाद्य संकट वाले देशों की संख्या में भी वृद्धि हुई, जिनकी निगरानी की जा रही है। संरा के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 705,000 लोग पांचवे चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है। उन्होंने बताया कि 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत से यह संख्या अब तक सबसे ज्यादा है और 2016 में दर्ज संख्या के मुकाबले इसमें चार गुना वृद्धि हो चुकी है। अर्थशास्त्री ने बताया कि गंभीर अकाल का सामना कर रहे लोगों में से 80 फीसदी लोग यानि 577,000 सिर्फ गाजा में हैं। वहीं दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं।

## ऑफ बीट

### अधिकांश मधुमक्खियां डंक मारने के बाद नहीं मरतीं

हम में से अधिकांश लोगों को कभी न कभी मधुमक्खी ने काटा होगा और हम जानते हैं कि यह कोई मजेदार अनुभव नहीं है। लेकिन शायद हमें यह सोचकर



अफसोस या प्रतिशोध की भावना भी महसूस हुई होगी कि हमें डंक मारने वाली मधुमक्खी मर जाएगी। लेकिन दरअसल 99.96% मधुमक्खी प्रजातियों में ऐसा नहीं होता है। दुनिया में मधुमक्खी की लगभग 21,000 प्रजातियों में से केवल आठ प्रजातियाँ डंक मारने के बाद मर जाती हैं। एक अन्य उपसमूह बिल्कुल भी डंक नहीं मार सकता है, और अधिकांश मधुमक्खियाँ जितनी बार चाहें उतनी बार डंक मार सकती हैं। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती है। मधुमक्खियों की पेचीदगियों और उनके डंक मारने की क्षमता को समझने के लिए, हमें डंक के आकार, मधुमक्खी के जननांगों और रवैये के बारे में बात करनी होगी। हमारी प्यारी और घातक मधुमक्खियाँ बहुत मुमकिन है कि आपको यूरोपीय मधुमक्खी (एपिस मेलिफ़ेरा) द्वारा काटे जाने की याद हो। यूरोप और अफ्रीका की मूल निवासी ये मधुमक्खियाँ आज दुनिया में लगभग हर जगह पाई जाती हैं। ये दुनिया भर में आठ शहद मधुमक्खी प्रजातियों में से एक हैं, जिसमें एपिस मधुमक्खियां कुल मधुमक्खी प्रजातियों का केवल 0.04% का प्रतिनिधित्व करती हैं।

## ट्रेंड


### प्रभावित करने वाला विचार



कांग्रेस के घोषणा पत्र में सरकारी बोर्ड में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण का संकेत दिया गया है, जो अगर लागू होता है तो इसमें सशस्त्र बलों को भी शामिल किया जा सकता है। यह देश की एकता-अखंडता को प्रभावित करने वाला विचार है। यह सही नहीं होगा।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### सोना गिरवी रखा



रिजर्व बैंक के आंकड़े कहते हैं कि 31 मार्च 2024 तक देश के परिवारों ने अपना सोना गिरवी रखकर बैंकों से कुल 1 लाख करोड़ का कर्ज लिया है। ये आंकड़ा केवल बैंकों का है। साहूकारों से लिया कर्ज अलग है। चार में से एक परिवार कर्जदार है।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### सही नहीं



चुने गए मंत्री के लिए चली फाइल एलजी के पास जाने के बाद ऐसी चोरी क्यों हुई? ऐसा लग रहा है कि मेयर का चुनाव कराने के लिए कोई साजिश रच रहा है या फिर बीजेपी का मेयर बनाया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

-सौरभ भारद्वाज, आप नेता

### जश्न मनाएं



एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे इस जादू को जीवन में लाने का सौभाग्य मिला है, मैं पुरानी यादों की यात्रा में आपके साथ शामिल होने के लिए रोमांचित हूं। आइये मिलकर बॉलीवुड के शाश्वत युग का जश्न मनाएं।

-शाहरुख खान, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## कारोबारियों ने पीएम शहबाज पर बनाया व्यापार बहाल करने का दबाव

# पाक झुका: भारत से वार्ता करने नई दिल्ली की ओर बढ़ाया कदम

*पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने पीएम शहबाज से व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की भी सराहना की।*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

### राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान देने को व्यापारियों ने पीएम से रखी अपनी बात

#### व्यापारिक समुदाय ने दिए कई सुझाव

प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं।

#### अर्थव्यवस्था को फायदा देने के लिए भारत से मिलाओ हाथ

उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में बंद पीटीआइ नेता इमरान खान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

#### देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद आमंत्रित करेंगे

बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे।

#### डोभाल की दो टूक...आतंकवाद को रोकने देंगे रूस का साथ



**मास्को।** भारत ने आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए रूस का हर परिस्थिति में साथ देने का ऐलान किया है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग को रोकने के लिए रूस का सहयोग करना जारी रखेगा।

# निजी संपत्ति पर हो सकता है किसी समुदाय या संगठन का हक

■ प्राइवेट प्रॉपर्टी पर समुदाय या संगठन के हक मामले पर सुनवाई

### सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच की टिप्पणी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


देश में संपत्ति बंटवारे पर मचे राजनीतिक घमासान के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि संविधान का उद्देश्य सामाजिक बदलाव की भावना लाना होता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये कहना खतरनाक होगा कि किसी शख्स की निजी संपत्ति पर किसी संगठन या सरकार का हक नहीं माना जा सकता। साथ ही ये कहना भी खतरनाक होगा कि लोक कल्याण के लिए सरकार इसे अपने कब्जे में नहीं ले सकती। दरअसल, मुंबई के प्रॉपर्टी ऑनर्स एसोसिएशन (पीओए) समेत कई याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि संविधान के अनुच्छेद 39बी और 31सी की संवैधानिक योजनाओं की आड़ में सरकार निजी संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 9 जजों की बेंच ने यह टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट के सामने यह कानूनी सवाल है कि क्या प्राइवेट मालिकाना हक वाले संसाधनों को समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट में मुंबई के प्रॉपर्टी ऑनर्स असोसिएशन सहित अन्य पक्षकारों की ओर से दलील दी गई कि संवैधानिक स्कीम के नाम पर राज्य के अधिकारी द्वारा प्राइवेट प्रॉपर्टी को कब्जा नहीं किया जा सकता है। इनकी दलील है कि संविधान के अनुच्छेद-39 बी और 31 सी की संवैधानिक योजनाओं के तहत संपत्ति पर कब्जा नहीं हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के सामने यह जटिल प्रश्न है कि क्या संविधान के अनुच्छेद-39 बी के तहत प्राइवेट संपत्ति को समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है?इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने यह टिप्पणी की है कि यह कहना थोड़ा ज्यादा बड़ी बात होगी कि समुदाय के भौतिक संसाधन का मतलब सिर्फ पब्लिक प्रॉपर्टी से है और वह प्राइवेट प्रॉपर्टी की उत्पत्ति से नहीं हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कहना खतरनाक क्यों है यह हम आपको बताएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर खदान या प्राइवेट वन के मामले को लेते हैं तो यह कहना खतरनाक होगा कि इनमें सरकारी नीति लागू नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 1950 में सामाजिक और अन्य प्रचलित स्थितियां थी लेकिन संविधान का मकसद यह है कि सामाजिक बदलाव आए। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर विचार कर रही है कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39बी के तहत समुदाय का भौतिक संसाधन माना जा सकता है या नहीं। बेंच ने कहा कि ये सुझाव देना शेखी बघारने जैसा होगा कि समुदाय के भौतिक संसाधनों का मतलब केवल सार्वजनिक संसाधनों से है और किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति से नहीं है।

#### हम 'केशवानंद भारती' फैसले से बंधे हैं, जिसने संवैधानिक प्रावधान को बचाया : उच्चतम न्यायालय

उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह 'केशवानंद भारती' मामले में ऐतिहासिक 13 न्यायाधीशों की पीठ के फैसले से बंधा है, जिसने संविधान के अनुच्छेद 31 सी के एक हिस्से को बरकरार रखा था, जिसका उद्देश्य कानूनों को बचाना था यदि उन्हें (कानूनों को) 'सार्वजनिक हित' के लिए बनाया गया हो। इस फैसले में यह माना गया था कि संसद संविधान के किसी भी हिस्से में संशोधन कर सकती है जब तक कि वह संविधान की मूल संरचना या आवश्यक विशेषताओं में परिवर्तन या संशोधन नहीं करती है। "बुनियादी संरचना" सिद्धांत पर 1973 के अग्रणी 'केशवानंद भारती' फैसले ने संविधान में संशोधन करने की संसद की विशाल शक्ति को खत्म कर दिया था और साथ ही न्यायपालिका को किसी भी संशोधन की समीक्षा करने का अधिकार दे दिया था।

### तुरंत हरकत में आया विदेश मंत्रालय

## भारत के खिलाफ जहर उगलने पर अमेरिका की लगाई क्लास



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर सहित भारत के अन्य हिस्सों में मानवाधिकार उल्लंघन की कथित घटनाओं का हवाला देते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। भारत की तरफ से भी इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया आई। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण करार देते हुए कहा गया कि यह भारत की खराब समझ को दर्शाती है और हम इसे कोई महत्व नहीं देते हैं।

अमेरिका सरकार की इस रिपोर्ट में जातीय संघर्ष के फैलने के बाद मणिपुर में मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं पर प्रकाश डाला गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने इसपर कहा कि यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत की खराब समझ को दर्शाती है।

उन्होंने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हम इसे कोई महत्व नहीं देते हैं। रिपोर्ट में एक वेबसाइट के कार्यालय पर भारतीय इनकम टैक्स विभाग द्वारा की गई छापेमारी का भी जिक्र किया गया है।

#### रिपोर्ट में भारत सरकार की आलोचना

रिपोर्ट के भारत खंड में स्थानीय मानवाधिकार संगठनों, अल्पसंख्यक राजनीतिक दलों और प्रभावित समुदायों ने मणिपुर में हिंसा को रोकने और मानवीय सहायता प्रदान करने में देरी के लिए देश की सरकार की आलोचना की। एक बेवसाइट के कार्यालयों पर कर छापे का जिक्र करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इनकम टैक्स अधिकारियों की जांच अनियमितताओं से प्रेरित थी। अधिकारियों ने उन पत्रकारों की भी तलाशी ली और उनके उपकरण जब्त किए जो संगठन की वित्तीय प्रक्रियाओं में शामिल नहीं थे।

#### 2002 के गुजरात दंगों पर एक डॉक्यूमेंट्री का जिक्र

2002 के गुजरात दंगों पर एक डॉक्यूमेंट्री का जिक्र करते हुए अमेरिका के विदेश विभाग ने आरोप लगाया कि सरकार ने डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था। मीडिया कंपनियों को वीडियो के लिंक हटाने के लिए मजबूर किया और देखने वाली पार्टियों का आयोजन करने वाले छात्र प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

### ज्ञानवापी पर फैसला सुनाया था

## जज को इंटरनेशनल नंबर से मिली धमकियां, सुरक्षा की मांग



एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में फैसला सुनाने वाले जज रवि दिवाकर को बरेली में विदेशी कॉल से धमकियां मिल रही हैं। इस संबंध में जज रवि दिवाकर ने बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अवगत कराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 15 अप्रैल की शाम 8:42 बजे इंटरनेशनल नंबर से जज रवि दिवाकर के पर्सनल नंबर पर एक कॉल आई, जिसमें धमकी दी गई। हालांकि जज की ओर से इस कॉल के बाद किसी कॉल का जवाब नहीं दिया गया. इस बारे में जानकारी देते हुए न्यायाधीश रवि दिवाकर के स्टाफ ने बताया कि कुछ दिन पहले अनजान फोन से धमकी मिली थी। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर घटना की जानकारी दी गई है. पहले भी जज रवि दिवाकर को धमकी मिलती रही हैं। ज्ञानवापी मामले में फैसला सुनाने के बाद रवि दिवाकर का तबादला बरेली हो गया था। इसके बाद शासन की ओर से न्यायाधीश रवि दिवाकर और इनके परिवार को सुरक्षा दी गई।



तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9813974232; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **SHAHBAD:** Basant Honda - 9416155053; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 9215593704; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**